संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

11 दिसंबर 2025, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 077

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### सरकार सरकारी स्कूलों में 50 हजार नई अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करेगी : धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में देशभर के सरकारी स्कूलों में नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 50 हजार नई अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) स्थापित करेगी।

# झारखंड में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका नियुक्ति में मिलेगा आरक्षण, सदन में दो अहम विधेयक भी पारित



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई, जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। विधि-व्यवस्था, विकास कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों को लेकर सदस्यों ने सरकार से सवाल पूछे। झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी के ध्यानाकर्षण प्रश्न का जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने घोषणा की कि राज्य सरकार आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका की नियुक्ति में आरक्षण लागू करने जा रही है। इस मुद्दे पर लंबे समय से मांग उठती रही है, जिसे सरकार ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया जल्द ही नियमों के अनुसार आगे बढ़ाई जाएगी।

**दो महत्वपूर्ण विधेयक पारित**

सदन ने झारखंड पर्यटन विकास एवं निबंधन संशोधन विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित किया। इस विधेयक का उद्देश्य है कि पर्यटन क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाना, प्रक्रियाओं को सरल बनाना और निवेश व विकास को प्रोत्साहित करना है। सत्र के दौरान एक अन्य विधेयक भी पारित किया गया, जिससे विधानसभा की कार्यवाही और अधिक प्रभावी बनाने का रास्ता साफ हुआ।

### सदन में दिखी सिर्फ खानापूर्ति, जनता को क्या देंगे जवाब : नीरा यादव

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही को लेकर भाजपा विधायक नीरा यादव ने राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की है। बुधवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान उठाए गए सवालों का संतोषजनक जवाब सरकार नहीं दे रही है। उन्?होंने कहा कि अब सत्र का केवल एक दिन बचा है, ऐसे में वे यह सोचकर चिंतित हैं कि अपने क्षेत्र में जाकर जनता को क्या जवाब देंगी।

### खरसावां गोलीकांड की न्यायिक जांच कराएगी सरकार : मंत्री

**रांची ।** राज्य सरकार एक जनवरी 1948 में हुए खरसावां में हुए गोलीकांड की न्यायिक जांच कराएगी। यह घोषणा मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को की। मंत्री ने कहा कि इस घटना की जांच के लिए 9 जनवरी 2015 को समिति का गठन किया गया था। मामले में व्यापिक जांच पडताल की गई थी, लेकिन अब तक घटना में दो लोगों का ही नाम सामने आ सका है। मंत्री ने कहा कि वहीं समिति की ओर से कहा गया है कि घटना के समय लगभग 50 हजार से एक लाख लोगों की भीड थी। साथ ही घटना की जांच के लिए समिति के सदस्य ओडिशा और पश्चिम बंगाल भी गए थे। मंत्री ने कहा कि खरसावां गोलीकांड को लोग दूसरा जालियावाला हत्?याकांड बताते हैं। इस मामले को झामुमो के विधायक दशरथ गगराई ने उठाया। उन्होंने सरकार से घटना में मारे गये लोगों को शहीद का दर्जा देने और मृतकों की संख्या का पता लगाने के लिए जांच कराने की मांग ध्यानाकर्षण सूचना के तहत की। उन्होंने कहा कि स्थोनीय लोगों के अनुसार घटना में मारे गए लोगों के शवों को पास में मौजूद कुएं में डाल दिया गया। साथ ही ट्रक पर शवों को लादकर पहाड पर फेंक दिया गया था। विधायक ने कहा कि एक जनवरी पर जहां देशभर में नए साल का जश्नर मनाते हैं लेकिन उनके क्षेत्र के लोग नए साल में शोक में डूबे रहते हैं।

### अबुआ आवास योजना : झारखंड सरकार लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार

**रांची ।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दी। मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शत्रुघ्न महतो के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रही थीं।
विधानसभा में विधायक ने बताया कि हजारों लाभुकों को योजना की पहली किस्त मिल गई है, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने से आवास निर्माण अधूरा है। इसके कारण लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फंड मिला था, लेकिन उसके बाद धनराशि नहीं मिली। इसी वजह से राज्य सरकार अबुआ आवास की दूसरी किस्त जारी करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार को 24 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिसमें से 12 अरब रुपये जिलों को वितरित किए जा चुके हैं।

### रांची राजभवन का नाम बिरसा भवन व दुमका राजभवन का नाम सिदो-कान्हू भवन रखने प्रस्ताव



**रांची ।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बुधवार को विधानसभा में खड़े हुए और प्रस्ताव रख दिया कि रांची का राज भवन अब बिरसा भवन कहलाएगा।मंत्री ने सदन में कहा कि रांची का मुख्य राज भवन का नाम बिरसा भवन होगा, भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में। वहीं दुमका का राज भवन सिदो-कान्हू भवन कहलाएगा, संताल विद्रोह के नायकों सिदो और कान्हू मुरमू के नाम पर होगा। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राजभवन राज्य सरकार की संपत्ति है। संविधान के अनुच्छेद 154 के तहत राज्य की कार्यकारी शक्ति गवर्नर में होती है, इसलिए उनका कार्यालय भी राज्य का हिस्सा है। संपत्ति पर नाम रखने का पूरा अधिकार राज्य सरकार को है।बता दें कि केंद्र सरकार ने 3 दिसंबर को पूरे देश में सभी राज भवनों का नाम लोक भवन करने का आदेश दिया था। झारखंड ने भी तुरंत इसे लागू कर दिया। लेकिन अब राज्य सरकार ने अपना अलग प्रस्ताव पेश कर दिया है।रांची का राज भवन 52 एकड़ में फैला है।इसके साथ 10 एकड़ में ऑड्रे हाउस भी है।इसकी नींव 1930 में पड़ी थी और मार्च 1931 में सिर्फ 7 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हो गया था।

### केंद्र की राशि नहीं मिलने से अधूरी हैं नल-जल की कई योजनाएं : पेयजल मंत्री

**रांची ।** झारखंड में नल-जल योजना का कार्य धन की कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। केंद्रांश की पर्याप्त राशि समय पर नहीं मिलने से कई जिलों में परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। यह बातें राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए कही। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में इस योजना के तहत 97,535 परियोजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें से 56,386 पूरी हो चुकी हैं। बाकी योजनाएं निर्माणाधीन हैं और संसाधनों की कमी के चलते उनके कार्यों में देरी हो रही है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि केंद्र से अपेक्षित धन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद राज्य सरकार अपने हिस्से की 1231 करोड़ रुपये की राशि से परियोजनाओं को गति देने का प्रयास कर रही है। इससे पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक हेमलाल मुर्मू ने संथाल परगना क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति योजनाओं की खराब स्थिति पर सवाल उठाया।

### टाटा कमांड एरिया में संपत्ति की रजिस्ट्री बंद होने की शिकायत पर होगी कार्रवाई : मंत्री

**रांची ।** टाटा कमांड एरिया में संपत्ति की रजिस्ट्रीं बंद होने की सामुहिक शिकायत मिलने पर सरकार जरूर कार्रवाई करेगी। यह मामला लीज से संबंधित है। इसलिए जब तक विभाग को मामले को लेकर शिकायत नहीं मिलेगी कार्रवाई करना संभव नहीं होगा। झारखंड के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरूवा ने शीताकलीन सत्र के दौरान बुधवार को ये बातें विधानसभा में कही। मंत्री ने जमशेदपुर पूर्वी की भाजपा विधायक पूर्णिमा साहु के तारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि इस संबंध में विभाग के पास कोई शिकायत नहीं मिली है। ऐसे में कैसे कार्रवाई की जा सकती है।
इसपर विधायक पूर्णिमा साहु ने कहा कि मामले में जो उन्हें उत्तर प्राप्त हुआ है, उसमें अस्वीकारात्मक लिखा है। इसका अर्थ है कि संपत्ति की रजिस्ट्री बंद नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि टाटा कमांड एरिया में पिछले 60-70 वर्षों से संपत्ति की रजिस्ट्री हो रही थी, लेकिन बताया जा रहा है कि अब रजिस्ट्री नहीं हो रही है। विधायक ने कहा कि इससे राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने मंत्री से मामले की जांच कराने की मांग की। वहीं मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि मामले में अधिकारियों की ओर से दिया गया प्रश्न का उत्तर गुमराह करनेवाला है। उन्होंने मामले में सरकार को स्थिति स्पाष्ट करने की मांग की।

### झारखंड भवन में ठहरने के नियम पर सदन में सवाल, ऊर्जा विभाग गेस्ट हाउस पर भी उठे प्रश्न

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को विपक्ष ने दिल्ली स्थित झारखंड भवन और ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस में ठहरने से जुड़े नियमों और व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए। इसके साथ ही नल-जल योजना और अबुआ आवास से जुड़े मुद्दे भी सदन में उठे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड भवन में ठहरने से संबंधित नियमों को गलत बताते हुए कहा कि कैबिनेट निगरानी विभाग का यह निर्णय कि केवल विधायकों के सगे संबंधी ही झारखंड भवन में रह सकते हैं, उचित नहीं है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. रामेश्वर उरांव ने आलोक दूबे और लाल किशोर नाथ शाहदेव को ठहराने के लिए संबंधी बनाकर अनुशंसा की। मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष से पांच वर्षों का रजिस्टर मंगाने की मांग की, ताकि स्पष्ट हो सके कि झारखंड भवन में वास्तव में कौन-कौन ठहरता रहा है। मरांडी ने कहा कि दिल्ली स्थित ऊर्जा विभाग के गेस्ट हाउस के लिए राज्य सरकार हर महीने पांच लाख रुपये किराया देती है, जहां, 8 स्टाफ तैनात हैं, 4-5 वाहन उपलब्ध हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी आयुक्त से एसीबी की पूछताछ

**रांची ।** झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले की जांच कर रहा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) पूर्व उत्पाद आयुक्त एवं झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के पूर्व प्रबंध निदेशक भारतीय प्रशासनिक सेवाा (आईएएस) के अधिकारी अमित कुमार से लगातार पूछताछ कर रहा है। एसीबी ने बुधवार को भी उन्हें चौथी बार पूछताछ के लिए तलब किया। अमित कुमार वर्तमान में वाणिज्यकर विभाग के आयुक्त पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले एसीबी ने मंगलवार को भी उनसे तीसरे दिन लगातार पूछताछ की थी, लेकिन जांच टीम उनके जवाबों से संतुष्ट नहीं हुई। इसी वजह से उन्हें आज फिर बुलाया गया, जहां उनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। एसीबी का मानना है कि इन निर्णयों से राज्य को व्यापक वित्तीय नुकसान हुआ और घोटाले को बढ़ावा मिला। जांच टीम अभी तक अमित कुमार से इन प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं कर सकी है।

### लैंड फॉर जॉब मामले में सुनवाई टाली

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) सीबीआई की ओर से दर्ज एफआईआर के मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई टाल दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने 11 दिसंबर को सुनवाई करने का आदेश दिया। सीबीआई ने इस मामले के कुछ मृत आरोपितों को लेकर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद बुधवार को कोर्ट ने 11 दिसंबर तक के लिए सुनवाई टाल दिया। इसके पहले 8 दिसंबर को कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले के कुछ आरोपितों की मौत हो चुकी है। उसके बाद कोर्ट ने सीबीआई को आरोपितों की मौत का वेरिफिकेशन कर कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। इससे पहले कोर्ट आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने पर दो बार 10 नवंबर और 4 दिसंबर को कोर्ट किसी न किसी वजह से फैसला टाल चुका है। कोर्ट ने सीबीआई के मामले में आरोप तय करने पर 25 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले में सीबीआई जांच जारी रखने का आदेश दिया



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के साहिबगंज जिले में नींबू पहाड़ अवैध पत्थर खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच जारी रखने का आदेश दिया है। इस मामले में दो जजों की पीठ - जस्टिस आलोक राठे और जस्टिस संजय कुमार ने सुनवाई करते हुए सीबीआई की याचिका को मंजूरी दी। सीबीआई का आरोप था कि झारखंड सरकार जांच में रुकावट पैदा कर रही थी, जिससे मामले की निष्पक्ष जांच पर सवाल उठ रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ कर दिया कि सीबीआई बिना किसी रुकावट के पूरे अवैध खनन मामले की जांच जारी रख सकती है। नींबू पहाड़ अवैध खनन मामले का अनुमानित मूल्य करीब ?1,500 करोड़ है। यह घोटाला झारखंड में लंबे समय से चर्चा में है और पहली बार 2022 में इडी ने इस पर जांच शुरू की थी।
इस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता पंकज मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले ने राज्य में खनन और भ्रष्टाचार पर बहस को और भी गहराई दी है।
इस मामले की शुरुआत साहिबगंज के निवासी विजय हांसदा की शिकायत से हुई। उन्होंने याचिका में पंकज मिश्रा की भूमिका, खनन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही, खनन माफिया की कथित मिलीभगत पर सवाल उठाए थे।
हालांकि, बाद में हांसदा ने दावा किया कि इडी ने उन पर दबाव बनाया, इसलिए वे याचिका वापस लेना चाहते थे। झारखंड हाई कोर्ट ने इस याचिका को वापस लेने की अनुमति नहीं दी और सीबीआई को सभी आरोपियों और विजय हांसदा के व्यवहार की जांच करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट का आदेश सही माना झारखंड सरकार और विजय हांसदा ने बाद में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनका तर्क था कि हाई कोर्ट ने केवल आचरण की जांच का आदेश दिया था, पूरे अवैध खनन मामले की नहीं।
लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सीबीआई पूरे पत्थर खनन मामले की जांच कर सकती है और उसे किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं होगी। इससे साफ है कि नींबू पहाड़ खनन घोटाले की जांच अब बिना किसी रोक-टोक के जारी रहेगी।

### साहिबगंज अवैध पत्थर खनन मामले में भगवान भगत को झटका, हाईकोर्ट ने याचिका की खारिज

**रांची।** झारखंड के साहिबगंज के 1250 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन मामले में आरोपित भगवान भगत को झारखंड उच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली है। ईडी कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने और आरोप गठन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को उच्च न्यायालय ने बुधवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सुजीत कुमार प्रसाद की अदालत ने यह फैसला सुनाया। इस मामले में ईडी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास और सौरव कुमार ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि भगवान भगत को प्रवर्तन निदेशालय ने 7 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था और उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। आरोप है कि यह लोग अवैध पत्थर खनन से जुटाई गई राशि पंकज मिश्रा तक पहुंचाते थे।

# किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत



**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड विधानसभा में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) के निदेशक मंडल की चतुर्थ बैठक आयोजित हुई।
बैठक में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण, किसानों की आय वृद्धि, स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने और प्रशिक्षण एवं विपणन तंत्र को सशक्त बनाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में कृषि एवं वनोपज क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। किसानों को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती के प्रत्येक चरण–उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण से लेकर विपणन तक–पूर्ण सहयोग देना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई की बेहतर सुविधा और बाजार तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

# दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्त्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके।

# इंडिगो संकट : दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को लगाई फटकार

## पूछा -इंडिगो फेल हुई तो सरकार ने क्या किया?

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। कैसे फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपए से बढ़कर 30,000 रुपए तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की? आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया।
मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेदेला की डिविजन बेंच जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे उन्हें मुआवजा दिया जाए। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो। इधर, डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे समन भेजकर बुलाया है।

**मुआवजे में कोताही बर्दाश्त नहीं**

अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित सभी यात्रियों को डीजीसीए के मौजूदा दिशा-निर्देशों और भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024 के तहत पूरा मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने आगे कहा कि मुआवजा सिर्फ कैंसलेशन के लिए नहीं, बल्कि यात्रियों को हुई परेशानी के लिए भी होना चाहिए। कोर्ट ने

# लोकसभा में चुनाव सुधार और एसआईआर पर चर्चा के दौरान शाह और राहुल के बीच तीखी बहस

## नोकझोंक के बीच कांग्रेस ने सदन से कर दिया बहिष्कार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में चुनाव सुधार और एसआईआर पर गृहमंत्री अमित शाह की स्पीच के दौरान जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ तीखी बहस हो गई। राहुल ने गृहमंत्री को डिबेट का चैलेंज दिया। नोकझोंक के बीच कांग्रेस ने सदन से बहिष्कार कर दिया। शाह ने अपनी बात रखते हुए नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी के समय तक के एसआईआर का जिक्र किया। पूछा कि जब उस समय विरोध क्यों हुआ तो आज क्यों किया जा रहा है। शाह ने इस दौरान एसआईआर पर राहुल की तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस का उल्लेख करते हुए कहा कि वह सभी का जवाब देंगे। तभी राहुल उठे चर्चा के लिए चैलेंज देने लगे। उन्होंने कहा कि शाह जी मैं आपको चैलेंज करता हूं। आप मेरी वोट चोरी की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा करें।
गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को चुनाव सुधार पर कहा कि भाजपा के लोग चर्चा से नहीं भागते। विपक्ष एसआईआर पर विपक्ष झूठ फैला रहा है। देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। शाह ने कहा कि विपक्ष का काम हमको करना पड़ रहा है। चुनाव सुधार की जगह विपक्ष ने ज्यादातर बातें एसआईआर पर कीं। जैसी चर्चा की, अब मैं



उस पर जवाब दे रहा हूं। एसआईआर पर विपक्ष ने 4 महीने से एक तरफा झूठ फैलाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर 3 बार नेहरू, 1-1 बार इंदिरा-अटल के कार्यकाल में हुआ। तब किसी दल ने विरोध नहीं किया। चर्चा के दौरान अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब दूंगा। एक सादी वाली, एक एटम बम वाली और एक हाइड्रोजन बम वाली। हर सवाल का जवाब दूंगा। राहुल गांधी ने उन्हें बीच में टोकते हुए कहा कि शाह जी मैं आपको चैलेंज करता हूं। आप मेरी वोट चोरी की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा करें। अमित शाह ने कहा कि 30 साल से संसद या विधानसभा में चुनकर आ रहा हूं। ऐसा कभी नहीं हुआ। मेरे बोलने का क्रम मैं तय करूंगा। आप नहीं।

# महिलाओं पर टिप्पणी विवाद : कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ अदालत में कार्यवाही शुरू

**एजेंसी**

**मथुरा ।** महिलाओं पर कथित अभद्र टिप्पणी के मामले में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। इस मामले में उनके खिलाफ दायर परिवाद को मथुरा की अदालत ने स्वीकार कर लिया है और अब आगामी 1 जनवरी को वादी के बयान दर्ज किए जाएंगे। यह विवाद अक्टूबर में तब शुरू हुआ जब अनिरुद्धाचार्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में उन्होंने बेटियों और महिलाओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां की थीं। वीडियो सामने आते ही देशभर में विरोध की लहर उठी, कई सामाजिक और महिला संगठनों ने इस बयान के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।



बढ़ते विवाद के बीच अनिरुद्धाचार्य ने सफाई दी थी कि वह महिलाओं का सम्मान करते हैं और उनके बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। अखिल भारत हिंदू महासभा की आगरा जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने इस मामले को गंभीर मानते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। उन्होंने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज की अदालत में परिवाद दायर किया, जिसे सुनवाई के बाद स्वीकार कर लिया गया।

## बाबूलाल ने हेमंत सरकार पर टेंडर में अनियमितता और घोटाले का लगाया आरोप



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** शराब घोटालाः बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर टेंडर में अनियमितता और घोटाले का लगाया आरोप रांची, 10 दिसंबर (हि.स.)। झारखंड में शराब घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शराब कारोबार में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी को छिपाने का प्रयास कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मरांडी ने लिखा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ÷एक बार फिर किसी सरकारी अधिकारी की बलि देकर स्वयं को बचाने की योजना बना रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में लगातार बढ़ते आंकड़े गंभीर सवाल खड़े करते हैं। पहले 38 करोड़, फिर 70 करोड़ और अब 136 करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ है। मरांडी ने दावा किया कि घोटाले में बचने के लिए मुख्यमंत्री ने बड़ी सावधानी बरती, लेकिन अवैध कमाई की जल्दबाजी में एक बड़ी गलती हो गई। उनके अनुसार, अखबारों में टेंडर प्रकाशित होने से पहले ही एक निर्धारित कंपनी को शराब आपूर्ति का काम सौंप दिया गया। नियमों के अनुसार, किसी भी कंपनी को आपूर्ति कार्य शुरू करने से पहले झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ एग्रीमेंट करना आवश्यक है, लेकिन बिना किसी समझौते (एग्रीमेंट) के ही उस कंपनी को कार्य आवंटित कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि एसीबी जांच में यह तथ्य सामने आया है कि संबंधित कंपनी की वजह से सरकार को 136 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। मरांडी ने कहा कि बिना एग्रीमेंट और टेंडर के काम देने का निर्णय किसके कहने पर हुआ, यह बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि राज्य में इतने बड़े घोटालेबाज सिर्फ एक ही व्यक्ति हैं, जो कहते हैं कि करोड़ों कमाने के लिए जेल भी जाना पड़े तो क्या हर्ज है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि जितना और जहां हो सके, लूट लो, यही इस सरकार का मंत्र बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि चाहे एसीबी असली गुनाहगारों तक पहुंचे या नहीं, लेकिन केंद्र की एजेंसियां इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करेंगी।

## अबुआ आवास योजनाः झारखंड सरकार लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर करेगी विचार



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को दो किस्तों में राशि देने पर विचार कर रही है। यह जानकारी राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में दी। मंत्री भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शत्रुघ्न महतो के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रही थीं।विधानसभा में विधायक ने बताया कि हजारों लाभुकों को योजना की पहली किस्त मिल गई है, लेकिन दूसरी किस्त जारी नहीं होने से आवास निर्माण अधूरा है। इसके कारण लोग कड़ाके की ठंड में खुले में रात बिताने को मजबूर हैं।मंत्री ने स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक बार फंड मिला था, लेकिन उसके बाद धनराशि नहीं मिली। इसी वजह से राज्य सरकार अबुआ आवास की दूसरी किस्त जारी करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार को 24 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और तीन हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिसमें से 12 अरब रुपये जिलों को वितरित किए जा चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सुझाव दिया कि लाभुकों को दो किस्तों में राशि दी जाए, ताकि उनका घर समय पर पूरा हो सके। उन्होंने इंदिरा आवास योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि कई किस्तों में भुगतान की शिकायतें पहले भी रही हैं।मंत्री ने कहा कि सरकार इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि केंद्र सरकार पीएम आवास योजना की राशि बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दे, तो यह जनता के हित में बेहतर कदम होगा।-

### योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही सरकार : दीपिका

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि इस वर्ष हेमंत सरकार राज्य में नियुक्तियों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित पड़ी आलिम-फाजिल की नियुक्तियों को शुरू किया जाना इसी नीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है। मंत्री ने बुधवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और जनहित से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। मंत्री ने अबुआ आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे-जैसे लाभुकों के आवास का निर्माण पूरा हो रहा है, उसी अनुपात में उन्हें आवास की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार की यह स्पष्ट मंशा है कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिलने में देरी न हो। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू करते हुए लोगों तक सीधा लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह जनता के हित में ठोस और प्रभावी काम करे, ताकि आम लोगों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार आ सके।

## भाजपा को कोर्ट के फैसलों का सम्मान करना चाहिए : कांग्रेस

**रांची।** कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने साहिबगंज अवैध पत्थर खनन मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दिए बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कहा कि मरांडी और भाजपा को कोर्ट के फैसलों का सम्मान करना चाहिए। सरकार ने अपनी अपील में कुछ कानूनी और प्रक्रियागत पहलुओं को सामने रखा था, लेकिन न्यायालय ने अपना निर्णय दिया है। इसका कांग्रेस स्वागत करती है। उन्होंने कहा, सरकार को किसी भी जांच से भय नहीं है। यदि कोई भी शख्स, दोषी पाया गया तो कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि मरांडी का यह कहना कि यह फैसला सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगा, उनकी हताशा को दर्शाता है।वे केवल झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति कर रहे हैं। उन्हें समझना चाहिए कि सीबीआई जैसी संस्थाओं का उपयोग राजनीतिक स्कोर सेटल करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

## सड़क हादसे में दो की मौत, तीन घायल

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के ललपनिया घाटी में मंगलवार रात दो बाइक के बीच भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। घटना गोमिया थाना क्षेत्र के तुलबुल गांव के समीप ललपनिया घाटी के पास की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में भर्ती कराया। जहां दो युवकों की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सीएचसी पहुंचे गोमिया बीडीओ, सीओ ने बेहतर इलाज के लिए गंभीर रूप से दो घायलों को बोकारो सदर अस्पताल रेफर कराया। जबकि तीसरे घायल का इलाज ललपनिया स्थित टीटीपीएस अस्पताल में चल रहा है। मृतकों की पहचान तुलबुल निवासी रवि प्रसाद (38 ) और मंशु महली (16 ) के रूप में हुई है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार रवि प्रसाद अपने साथी दिलीप प्रजापति के साथ बाइक से ललपनिया लौट रहे थे। इसी दौरान मंशु महली अपनी बाइक से ललपनिया की ओर जा रहा था। जहां दोनों के आमने-सामने टक्कर हो गई।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**गिरिडीह ।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के बगोदरडीह में मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता का शव उसके घर मे ही फंदे से झूलती मिली। मृतका की पहचान बगोदरडीह निवासी मो सहजाद की 24 वर्षीय पत्नी नगमा खातून के रूप में हुई है। नगमा की मौत की खबर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उसके मायके वालों ने नगमा के ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगा जमकर हो हल्ला मचाया। मायके वालों का आरोप है कि नगमा की गला दबा कर पहले हत्या की गई है फिर उसे आत्महत्या का रूप देने के लिये उसे फांसी के फंदे से लटकाया गया है। मृतका की मां ने बताया कि नगमा की शादी वर्ष 2020 में बगोदरडीह निवासी सहजाद से हुई थी। सहजाद मुम्बई में जेसीबी चालक के रूप में कार्यरत है। नगमा अपने ससुराल में अपने सास सास और एक ढेड़ साल के बेटे के साथ रहती थी। बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे हमेशा प्रताड़ित करते थे। मृतका की मां के अनुसार न केवल नगमा को उसके सास ससुर मारते पीटते थे, जबकि उसका पति भी उसके साथ बेरहमी से मारपीट करता था। यहां तो नगमा के फोन से हम सबों के नम्बर को ब्लाक कर दिया था। ताकि हमारी बेटी हमसबों से बात चीत नहीं कर सके।

## प्रेम प्रसंग में युवक पर जानलेवा हमला, मारपीट कर कुएं में फेंका

**गिरिडीह ।** प्रेम-प्रसंग मामले में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। प्रेमिका के परिजनों ने न केवल युवक के साथ मारपीट किया बल्कि उसे गम्भीर रूप जख्मी हालत में कुएं में फेंक दिया। इस ठंड के मौसम में युवक रात भर कुएं में कराहता रहा। सुबह जब मामले की सूचना परिजनों को हुई तो उन्होंने युवक को कुएं से निकाल उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे उपचार हेतु आईसीयू में भर्ती किया है। घटना गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र की है। गम्भीर रूप से घायल युवक बंगारी गांव निवासी विनोद कुमार है।विनोद की मां ने बताया कि बिनोद सोमवार की देर शाम को ही घर से निकला था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। परिवार के लोग उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान सुबह जब कुछ ग्रामीणों ने बताया कि देर रात कुछ लोगों ने एक युवक को पीटकर कुएं में फेंक दिया है। सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे तो कुएं के अंदर विनोद कराहता हुआ मिला।

## झारखंड के बार संचालकों को विभाग ने दिया समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड में बार और रेस्टोरेंट चलाने वाले संचालकों के लिए राहत भरी खबर है। झारखंड बार एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने उत्पाद विभाग को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्पाद विभाग के सचिव अमिताभ कौशल से मिला, विभाग की ओर से सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन मिला है। एसोसिएशन ने मुख्य रूप से 2022 से बार लाइसेंस का कोटा निर्धारित न होने, 3.6/12 बोतलों के अनुसार कोटा मिलने के बावजूद पूरी सप्लाई न होने, और लाइसेंस शुल्क पर लगने वाले 5त्न रिटेलिंग मार्जिन जैसे गंभीर मुद्दों को उठाया था। इन समस्याओं के कारण कई बार संचालकों का व्यापार प्रभावित हो रहा था। लाइसेंस कोटा का निर्धारण और सप्लाई चेन की दिक्कत एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन कुमार ने ने अपने पत्र में सबसे गंभीर मुद्दा उठाया था कि झारखंड में 2022 के बाद से नए बार का कोई भी कोटा निर्धारित नहीं हुआ है। यहां तक की 2022 में छत्तीसगढ़ की उत्पाद नीति को अपनाए जाने के बाद भी, बार मालिकों के लिए सालाना कोटा निर्धारण का स्पष्ट तरीका लागू नहीं किया गया। वर्तमान में बार मालिक बिना किसी निश्चित कोटा के व्यापार कर रहे हैं, जिससे न तो उन्हें यह पता होता है कि वे कितनी बिक्री कर सकते हैं, और न ही विभाग यह सुनिश्चित कर पाता है कि उन्हें पर्याप्त स्टॉक मिल रहा है या नहीं। एसोसिएशन के प्रेम शंकर ने कहा कि कोटा निश्चित न होने से कम या अधिक स्टॉक की समस्या बनी रहती है। अधिक स्टॉक होने पर जहां पूंजी फंस जाती है, वहीं कम स्टॉक होने पर बाजार में मांग के अनुसार बिक्री नहीं हो पाती, जिससे व्यापार में भारी नुकसान होता है। एसोसिएशन ने विभाग से तत्काल एक पारदर्शी और व्यावहारिक कोटा प्रणाली लागू करने की माँग की है। गुंडई और रंगदारी पर जताई चिंता एसोसिएशन ने एक संवेदनशील मुद्दा भी उठाया है कि बार एवं बार के बाहर रोड पर भी हो रहे हमले और गुंडई के लिए बार मालिक को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बार मालिक बार के अंदर की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन सार्वजनिक सड़क पर होने वाली घटनाओं के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराना अनुचित है। इस मुद्दे पर भी विभाग से सुरक्षा और स्पष्ट दिशा-निर्देश की मांग की गई है।

## पुलिस लाइन में मल्टीपर्पस शेड का उद्घाटन

**धनबाद।** शहर की पुलिस लाइन में बुधवार को 16000 स्क्वायर फीट में बने मल्टीपर्पस शेड का उद्घाटन उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने किया। इस दौरान एसएसपी ने कहा कि मूल रूप से इस शेड का इस्तेमाल वाहनों को खड़ा करने में किया जाएगा, लेकिन इसके साथ ही चुनाव समेत अन्य मौकों पर जब बाहर से आए लोगों को ठहराने के लिए जगह की जरूरत होती है, तब भी काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए यहां कुछ शौचालय भी बनवाए जा रहे हैं। एसएसपी ने कहा कि जिले की पुलिस अपना मूल कार्य बेहतर ढंग से कर रही है। सुविधाओं में बढ़ोतरी से पुलिसकर्मियों का मनोबल और बढ़ता है।

## 44 वर्षीय महिला ने 22 साल के संघर्ष के बाद स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया




**रांची ।** एक 44 वर्षीय महिला, जिसकी पहचान रोगी बी. के. के रूप में की गई है, ने प्राथमिक निसंतानता के साथ 22 साल की लंबी लड़ाई के बाद एक स्वस्थ, 2.8. किलोग्राम के नर शिशु को सफलतापूर्वक जन्म दिया है। 2 दिसंबर, 2025 को आपातकालीन एलएससीएस - निचले खंड का सीज़ेरियन ऑपरेशन) के माध्यम से हुआ यह जन्म, एक महत्वपूर्ण चिकित्सा सफलता की कहानी के रूप में मनाया जा रहा है।रोगी की लंबी यात्रा में दो दशकों से अधिक समय तक व्यापक चिकित्सा मूल्यांकन और कई प्रजनन उपचार शामिल थे। मेडिकल रिकॉर्ड्स पिछले निदानों को इंगित करते हैं जैसे कि द्विपक्षीय हाइड्रोसालपिनक्स और प्राकृतिक साधनों के साथ-साथ एक अलग क्लिनिक में पहले के आईवीएफ चक्र के माध्यम से गर्भधारण के असफल प्रयास।उनका सफल गर्भधारण हमारे ए.एच. आईवीएफ और इनफर्टिलिटी रिसर्च सेंटर, रांची में अप्रैल 2025 में एक फ्रोजन एम्ब्रियो ट्रांसफर के बाद प्राप्त हुआ। इस प्रक्रिया में ब्लास्टोसिस्ट चरण में दो भ्रूणों का स्थानांतरण शामिल था।सफल प्रसव ने परिवार को अपार खुशी दी है और यह सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकियों में हुई प्रगति को उजागर करता है, जो इसी तरह की चुनौतियों का सामना करने वालों को आशा प्रदान करता है। नवजात शिशु और माँ दोनों का स्वास्थ्य अच्छा बताया गया है।

## एसबीयू ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन



**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की टीम ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 के ग्रैंड फिनाले में शानदार जीत दर्ज की। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पूरे देश से चयनित प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की कुल तीन टीमें (18 प्रतिभागी) इस प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए चयनित हुई थीं, जिन्हें अलग-अलग स्थानों - गुंटूर, कोल्हापुर एवं कानपुर - में आयोजित अंतिम चरण के लिए भेजा गया था। सरला बिरला विश्वविद्यालय के एसपीओसी डॉ. मनोज पांडेय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार, विजेता टीम में शामिल हर्ष कुमार, अंजली केशरी, हर्ष केशरी, अविनाश कुमार, रूपेश एवं प्रांशु रंजन की टीम विजेता रही। गौरतलब है कि सरला बिरला विश्वविद्यालय ने लगातार दो वर्षों तक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन -2024 एवं 2025 (सॉफ्टवेयर संस्करण) में विजेता बनकर संस्थान का मान बढ़ाया है। विवि के विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## स्वास्थ्य और राजस्व विभाग में डॉक्टर और कर्मचारियों की कमी का मामला उठा



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं तथा राजस्व विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। शून्यकाल के दौरान उन्होंने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की घोर कमी के कारण स्थानीय ग्रामीणों को समय पर उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है, जिससे जन स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। विधायक ने सरकार से मांग की कि क्षेत्र के सभी प्रखंडों के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या तत्काल बढ़ाई जाए, ताकि नागरिकों को समय पर और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही विधायक सुदीप गुड़िया ने राजस्व विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारियों की कमी के कारण आम लोगों को विभिन्न सरकारी कार्यों के निष्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनता की समस्याओं को देखते हुए सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए।अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी और राजस्व विभाग में कर्मचारियों के रिक्त पद–दोनों ही मुद्दों पर विधायक ने सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की, ताकि क्षेत्र की जनता को समय पर आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

## महिला हिंसा एवं बाल विवाह विषय पर रोक के लिए कार्यशाला



**संताल एक्सप्रेस धनबाद।** इब्तिदा एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की और से डिजिटल हिंसा, महिला हिंसा एवं बाल विवाह विषय पर रोक के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाघमारा प्रखण्ड प्रमुख गीता देवी, महुदा थाना प्रभारी ललित रंजन भगत, मुखिया संगीता घोषाल, मुखिया नंदनी कुमारी, पंसस रूपदेव रवानी एवं संस्था प्रमुख शंकर रवानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर व पौधा देकर सम्मानित किया । महुदा थाना प्रभारी ललित रंजन भगत ने कहा कि डिजिटल हिंसा के प्रति हम जितना जागरूक रहेंगे, उतना ही हम सब सुरक्षित रहेंगे। मोबाइल का इस्तेमाल में सतर्कता बरतें। डिजिटल हिंसा की शिकार ज्यादातर महिलाएं होती हैं। संस्था द्वारा डिजिटल हिंसा के खिलाफ लोगों को पहल करना सराहनीय कदम है। प्रखण्ड प्रमुख गीता देवी ने कहा कि डिजिटल हिंसा एवं जेंडर हिंसा कानूनन अपराध है। जागरूकता लाकर ही इससे बचा जा सकता है। झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि कई लोग डिजिटल हिंसा का शिकार हो रहे हैं। इससे बचने का एकमात्र उपाय जागरूकता है। सावधानी और जगरूकता से ही डिजिटल हिंसा एवं जेंडर पर रोक लगाई जा सकती है। गायक शंकर नापित, तरूण कुमार महतो एवं उनके सहयोगी ने देशभक्ति एवं खोरठा गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन फिल्ड कोर्डिनेटर पूजा कुमारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में कब्बड्डी खेल प्रतियोगिता, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पूनम वर्मा, सचिव हलिमा एजाज, कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, ममता रवानी, मुमताज अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, सीता कुमारी, नितेश कुमार वर्मा, अधिवक्ता तरूण कुमार, दीपा कुमारी, पुजा कुमारी, माला देवी, गुलनाज बानो, चंदा कुमारी, पुजा कुमारी आदि की सराहनीय योगदान रहा।

## विनायक आर्ट गैलरी में ड्राइंग प्रतियोगिता 12-13 दिसंबर को आयोजित



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** बिलासी स्थित विनायक आर्ट गैलरी में आगामी 12 और 13 दिसंबर 2025 को दो दिवसीय ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक चलेगी। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का थीम विंटर/क्रिसमस रखा गया है, जिसके आधार पर प्रतिभागी अपनी कला प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिता को दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप॰ में 6 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे 12 दिसंबर को हिस्सा लेंगे, जबकि ग्रुप-क्क में 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी 13 दिसंबर को अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में केवल ड्राइंग शीट आयोजकों द्वारा दी जाएगी, जबकि रंग, पेंसिल और अन्य आवश्यक सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लेकर आनी होगी। आयोजन से जुड़े सदस्यों ने बताया कि प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण शुल्क 50 रुपये रखा गया है। प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए 6207680838 और 7762851719 पर संपर्क किया जा सकता है या sharma&artist@gmail.com पर मेल किया जा सकता है। विनायक आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता बच्चों में रचनात्मकता और कला के प्रति रुचि बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।

## गैस रिसाव प्रभावित लोगों की सुरक्षा और राहत के लिए त्वरित कार्रवाई पर जोर

**धनबाद।** कोल इंडिया के चेयरमैन सनोज कुमार झा ने केन्दुआडीह गैस रिसाव की जानकारी जिला प्रशासन से ली। वहां राहत कार्य तेजी से चलाने तथा गैस रिसाव पर रोक लगाने के हर संभव उपाय अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि गैस रिसाव से प्रभावित परिवारों को हर सुविधा देने को कहा। चेयरमैन बुधवार को धनबाद के दौरे पर थे। इसके पहले डीसी आदित्य रंजन तथा एसएसपी प्रभात कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत कोल इंडिया चेयरमैन का स्वागत किया। बैठक भी हुई। इस अवसर पर जिले से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों, विशेषकर केंदुआडीह में उत्पन्न गैस रिसाव की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में केंदुआडीह क्षेत्र की वर्तमान परिस्थिति, प्रभावित परिवारों की स्थिति, सुरक्षा उपायों तथा तात्कालिक आवश्यकताओं से संबंधित विस्तृत जानकारी कोल इंडिया चेयरमैन को दी गई। गैस रिसाव की गंभीरता को देखते हुए साइंटिफ़िक एजेंसियों की रिपोर्ट और सुझावों पर विचार किया गया। कोल इंडिया के चेयरमैन सनोज कुमार झा ने सभी एजेंसियों के साथ मिलकर बढ़ते गैस रिसाव के कारणों का विस्तार और संभावित समाधान पर गहन मंथन किया। उन्होंने वैज्ञानिक एजेंसी, एनडीआरएफ टीम तथा स्थानीय अस्पताल को निरंतर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। बढ़ते ख़तरे को देखते हुए स्थानीय लोगों से डेंजर ज़ोन से बाहर आने की अपील की।डीसी आदित्य रंजन ने चेयरमैन को बताया कि बेलगाड़िया में प्रभावित लोगों के लिए सुरक्षित आवास, चिकित्सा सहायता और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है।

## अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी ट्रैफिक पुलिस करेगी जांच

**धनबाद ।** मासिक क्राइम मीटिंग के दौरान सीनियर सुपरीटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) प्रभात कुमार ने बताया कि हालिया आंकड़े शहर में अपराध में उल्लेखनीय कमी की पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद पुलिस की चुस्ती और लगातार गश्ती ने अपराधियों पर नकेल कसने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बाइक चोरी, गृहभेदन और अन्य आपराधिक घटनाओं में गिरावट दर्ज की गई है, जो बेहतर पुलिसिंग का नतीजा है।एसएसपी ने बताया कि शहर में लोग अब धीरे-धीरे ट्रैफिक नियमों का पालन करने लगे हैं। इसी क्रम में डीएसपी ट्रैफिक को नए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जिनके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी ट्रैफिक पुलिस नियमित जांच अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में अक्सर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता की कमी रहती है, ऐसे में जांच और प्रचार-प्रसार दोनों से स्थिति में सुधार लाया जाएगा।एसएसपी प्रभात कुमार ने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य मार्गों, बाजार इलाकों और स्कूलों के आसपास विशेष रूप से वाहनों की जांच की जाए।

## गैस रिसाव क्षेत्र के लोगों का पुनर्वास ही समस्या का स्थाई समाधान : सीएमडी




संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि गैस रिसाव के कारण जान माल का नुकसान न हो, यह हमारी पहली प्राथमिकता है। केंदुआडीह गैस रिसाव मामले में चिकित्सा व्यवस्था, राहत संचालन, वैज्ञानिक निगरानी, और पुनर्वास पर भी पैनी नजर है। राजपूत बस्ती के आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में कार्बन मोनोऑक्साइड जैसा जहरीला गैस का रिसाव जारी है। यह स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। इसके निराकरण के लिए आईआईटी आईएसएम, सिंफर, एनडीआरफ, एवं सीएमपीडीआई को लगाया गया है।एजेंसी के मुताबिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर चले जाना चाहिए। यहीं एकमात्र स्थाई समाधान है। बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल बुधवार को बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। सीएमडी ने बताया ने बताया कि बीसीसीएल और एनडीआरएफ की टीम मिलकर लगातार सर्वेक्षण कर रही है। वाटर एस्प्रे के माध्यम से गैस नियंत्रण करने का कार्य जारी है। जब तक प्रभावित इलाके पूरी तरह से सुरक्षित ना हो, सभी परिवार स अपने नए घरों न बस जाएं, तब तक अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बीसीसीएल पूर्ण सतर्कता और वैज्ञानिक निगरानी के साथ राहत कार्य चला रही है। बीसीसीएल के द्वारा किए गए एसेसमेंट से पता चला है कि गैस छोड़ी अंडरग्राउंड गैलरी से निकल रही है। वहीं माइंस रेस्क्यू स्टेशन सर्वे के दौरान कई घरों के अंदर कार्बन मनोऑक्साइड (सीओ) का लेबल निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया। घटना के बाद से कुल 44 लोगों ने हल्का सिर दर्द , सीने में तकलीफ और सांस लेने में जलन जैसा लक्षण बताया। अब तक 37 मरीजों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जबकि सात मरीजों का अभी भी इलाज चल रहा है, 45 घरों के लोगों को बीसीसीएल द्वारा बनाए गए टेंपरेरी सेंटर में जाने की सलाह दी गई है।साथ ही लोगों को भोजन दिया जा रहा है।

## बीआईटी सिंदरी ने जीता स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का खिताब



**धनबाद।** बीआईटी सिंदरी की टीम रॉबस्ट सॉल्यूशंस ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) फ़ाइनल्स 2025 में जीत हासिल की है। इस जीत पर बीआईटी प्रबंधन ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि टीम की रचनात्मकता, नवाचार क्षमता और निरंतर परिश्रम का स्पष्ट प्रमाण है। जिसे उन्होंने पूरे प्रतियोगिता के दौरान प्रदर्शित किया। टीम की यात्रा कॉलेज में आयोजित इंटरनल एस आई एच राउंड से शुरू हुई। इसके बाद टीम ने 8 और 9 दिसंबर को जयपुर स्थित ज़ोनल सेंटर में आयोजित 36 घंटे के हैकाथॉन में भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान टीम ने अपनी सर्वोत्तम रचनात्मकता, नवाचारी दृष्टिकोण और मेहनत का प्रदर्शन किया। हर राउंड में टीम रॉबस्ट सॉल्यूशंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखा और राष्ट्रीय स्तर पर जीत दर्ज की, जिसके लिए टीम को ?1,50,000 का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस उपलब्धि ने बीआईटी सिंदरी के लिए गर्व और सम्मान अर्जित किया। टीम का नेतृत्व आकाश वर्मा ने किया, जबकि टीम सदस्यों नें भी योगदान दिया। टीम ने एक एआई आधारित ड्रॉपआउट प्रेडिक्शन और काउंसलिंग सिस्टम विकसित किया। जिसने राजस्थान सरकार द्वारा दिए गए समस्या विवरण आईडीएस आई एच 25102 को संबोधित किया। इस उपलब्धि पर प्रो पंकज राय प्रो एससी दत्ता तथा अन्य संकाय सदस्यों ने बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की।

## पीएम पोषण योजना से संबंधित स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक

संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में पीएम पोषण योजना से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्वयन, बच्चों की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता, मेनू के अनुसार भोजन का वितरण तथा छात्र एवं छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा पोषण से संबंधित कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और व्यवहार कौशल के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय स्तर पर नियमित गतिविधियां संचालित करने पर बल दिया। इसके अलावा विद्यालय वार पोषण वाटिका संवर्धन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन निर्धारित समय पर और तय मेनू के अनुसार वितरित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस समुह का सहयोग लेते हुए रागी का लड्डू,अंडा, फल, हरी सब्जियों और पोषणयुक्त आहार का नियमित रूप से वितरित किए जाएं ताकि बच्चों के स्वास्थ्य, विकास पर ध्यान दिया जा सके। बैठक में रसोईया सह सहायिका को मानदेय भुगतान की स्थिति पर चर्चा की गई साथ ही सेवा निवृत्त रसोईया को वृद्धा पेंशन से अच्छादित करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश कुमार पूर्णेन्दु, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## अवैध शराब के विरुद्ध की गई छापेमारी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



संताल एक्सप्रेस

**महागामा ।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत दुर्गापुर गांव में बीते दिन पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध की गई छापामारी अचानक विवाद का कारण बन गई। छापामारी कार्रवाई से नाराज़ ग्रामीणों ने बुधवार को मुख्य सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया और तीन घंटे तक जाम लगाए रखा। इससे महागामा-हनवारा मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप था कि छापामारी के दौरान कई लोगों के साथ पुलिस ने गैरजरूरी सख्ती बरती, जिससे ग्रामीणों में रोष फैल गया। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव में बिना स्थानीय प्रतिनिधियों को जानकारी दिए लगातार कार्रवाई करने से लोगों में भय और असंतोष बढ़ रहा है।करीब तीन घंटे तक चले जाम के बाद प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की बात सुनी उच्चाधिकारियों ने न्यायपूर्ण जांच और भविष्य में कार्रवाई के दौरान मर्यादा बनाए रखने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क से जाम हटाया और स्थिति सामान्य होने लगी। मौके पर पुलिस निरीक्षक उपेन्द्र कुमार महतो, थाना प्रभारी मनोज पाल सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों की सतर्कता और संवाद से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। जाम हटते ही सड़क पर वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से शुरू हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अब माहौल सामान्य है, लेकिन ग्रामीणों ने साफ कहा कि यदि उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे पुनः आंदोलन को मजबूर होंगे।

## सरकारी चावल लदे दो वाहन जब्त, गोदाम सील



संताल एक्सप्रेस

**हनवारा ।** थाना क्षेत्र के बैरिया गांव के पास स्थित एक धान गोदाम में मंगलवार को प्रशासनिक टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की। महागामा बीडीओ सोनाराम हांसदा, सीओ खगेन महतो और एमओ संजीव कुमार के नेतृत्व में की गयी। छापेमारी में एक ट्रक (जेएच 10डीबी 7238) से भारी मात्रा एफसीआई चावल बरामद किया है। इसके अलावा गोदाम के समीप खड़ी एक पिकअप वैन (बीआर 51जीए 1584) में भी चावल लदा मिला। अधिकारियों ने दोनों वाहनों को जब्त कर हनवारा थाना को सुपुर्द कर दिया। इस दौरान गोदाम संचालक घनश्याम साह मौके से फरार हो गया। अधिकारियों ने गोदाम संचालक के पहुंचने का काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन उसके नहीं लौटने पर दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी। सूचना के बाद महागामा एसडीओ आलोक वरण केसरी के निर्देश पर अधिकारियों ने गोदाम को सील कर पुलिस बल तैनात कर दिया। इसकी सूचना फैलते ही क्षेत्र के अन्य गोदाम संचालकों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्यान्न की अवैध कालाबाजारी और अनुचित भंडारण के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। क्या कहते है अधिकारी = जब्त किये गये चावल सरकारी योजना के तहत लाभुकों को मिलने वाला चावल प्रतीत हो रहा है। एफसीआई चावल के अवैध भंडारण तथा परिवहन की आशंका है। इस पूरे प्रकरण की जांच होगी. जांच के बाद गोदाम संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**ललमटिया ।** थाना क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड के मद्देनज़र ललमटिया थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह ने मंगलवार को मानवता का परिचय देते हुए गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। थाना परिसर व आसपास के इलाकों में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि ठंड के मौसम में समाज के कमजोर वर्गों को विशेष सहयोग की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से पुलिस प्रशासन की ओर से यह पहल की गई, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से परेशान न हो। उन्होंने बताया कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। कंबल पाकर लोगों ने राहत महसूस की और थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। स्थानीय लोगों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत होता है। कार्यक्रम में थाना के अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे और जरूरतमंदों को व्यवस्थित तरीके से कंबल वितरण में सहयोग किया।

## बाल विवाह की अधिकता वाले क्षेत्रों की पहचान एवं उनके कारणों का करें विश्लेषण : डीसी



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** समाहरणालय सभागार में जिले में बाल विवाह और बाल हिंसा को रोकने के लिए बनाई गई जिला कार्य योजना के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा को लेकर उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अब तक हुई कार्रवाई, अगली तिमाही की कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला और प्रखंड स्तर पर महिलाओं और बच्चों से जुड़ी स्थायी समितियों और चाइल्ड वेलफेयर एंड प्रोटेक्शन कमेटी के सक्रियण की स्थिति अद्यतन जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने भेद्यता मैपिंग और रिसोर्स डायरेक्टरी पर काम करने पर जोर दिया।उपायुक्त ने संबंधित विभागों को स्टेकहोल्डर मैपिंग, कास्ट और कम्युनिटी मैपिंग, बाल विवाह की अधिकता वाले क्षेत्रों की पहचान, बाल विवाह के कारणों और उनके गहरे कारणों के विश्लेषण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने पांचवी, आठवी एवं दसवीं वर्ग के छात्र-छात्राओं के अगले वर्ग में दाखिला निश्चित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया तथा जिले के ड्रॉपआउट बच्चों की सूची अपडेट करने को भी कहा। इसके अलावा बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण इकाई को आपसी समन्वय मजबूत करने और प्रखंड व पंचायत स्तर पर बच्चों से जुड़ी सरकारी योजनाओं पर जागरूकता और उन्मुखीकरण कार्यशालाएं आयोजित करने एवं जनवरी माह तक जिला कार्य योजना को और बेहतर बनाते हुए सभी विभागों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने की बात कही गई। बैठक में सिविल सर्जन एससी शर्मा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी अभय कुमार झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, श्रम अधीक्षक गोड्डा बबन कुमार सिंह, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद प्रसाद अग्रवाल, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्डलाइन और जिला बाल अधिकार तथा पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित मौजूद रहे।

## काराम पूजा सह मेला समारोह संपन्न



**मेहरमा ।** प्रखंड के धनकुडीया पंचायत क्षेत्र अंतर्गत रजौन सिंगापुर में पारंपरिक काराम पूजा सह मेला समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने काराम पूजा जैसे पवित्र प्राकृति पर्व में शामिल सभी समिति सदस्यों, ग्राम प्रधानों व ग्रामीणों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से झामुमो जिला कोषाध्यक्ष महेन्द्र उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनिंदर सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, तथा पंचायत के मुखिया जंग बहादुर सिंह, पंसस प्रतिनिधि निर्भय सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार के रूप में राशि 13,000 दलदली गोपालपुर टीम,द्वितीय पुरस्कार के रूप में राशि 10,000 बाघमारा टीम, तृतीय पुरस्कार के रूप में राशि 7,000 शामपुर टीम तथा चतुर्थ पुरस्कार राशि 5,000 से चिरली की टीम को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और उनकी प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में काराम पूजा समिति के अध्यक्ष अरबिंद हांसदा, सचिव प्रमोद हासदा, कोषाध्यक्ष मणिलाल मुर्मू, ग्राम प्रधान मनोज टुडू सहित समिति के अन्य सदस्य कृष्ण हांसदा, ब्रजेन हांसदा, शिवजी हेम्ब्रम, बेटाराम हांसदा, जीतलाल हेम्ब्रम, तल्लू हांसदा, सुरेन्द्र हेम्ब्रम, सुनील सोरेन, सोनेलाल हेम्ब्रम,पुलिस टुडू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जलसहिया को मिली जल जांच एवं जल गुणवत्ता की जानकारी



**बसंतराय ।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गोड्डा के बसंतराय प्रखंड अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत सभी जलसहिया को एफटीके किट के माध्यम से जल जांच एवं जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवण विषय पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मरांडी के द्वारा की गई। जल गुणवत्ता विषय पर सभी जलसहिया को प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण के क्रम में बताया गया कि सभी जलसहिया प्रशिक्षण ग्रहण करने के उपरांत अपने-अपने गांव के सभी जल स्त्रोतों का एफ टी के किट के माध्यम से जल जांच करेंगे और अपने गांव अंतर्गत 5-5 सक्रिय महिला को भी जल जांच करने के लिए सिखाएंगे।शुद्ध जल मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है यदि कोई जल प्रदूषित हो जाता है तो पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो जाता है इसलिए आप सभी अपने-अपने गांव में जितने भी पेयजल स्रोत हैं उसका जल जांच परीक्षण आवश्यक रूप से करें और अपने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जल गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक करें। रोहित कुमार, लैब सहायक-द्व एवं नीलेश कुमार माइक्रो बायोलॉजिस्ट, जिला स्तरीय जल जांच प्रयोगशाला गोड्डा के द्वारा विस्तार पूर्वक से सभी पैरामीटर यथा पी.एच, टरबीडीटी, कुल कठोरता, क्लोराइड, क्षारीयता, लोह तत्व, नाइट्रेट, क्लोराइड, फास्फेट, अमोनिया, सल्फेट आदि को एक एक कर प्रदर्शन कर बताया गया।मौके पर प्रशिक्षण में जलसहिया, कनीय अभियंता बसंतराय एवं प्रखंड वास समन्वयक उपस्थित रहे।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर दिव्यांग विद्यालय में जागरुकता



संताल एक्सप्रेस

गोड्डा = जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों के शिक्षण संस्थानों में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में सदर प्रखंड के परसोती स्थित दिव्यांग विद्यालय में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डालसा की ओर से गठित टीम ने छात्र-छात्राओं को कानून से संबंधित जानकारी दी। मौके पर एलएडीसी के डिप्टी चीफ अजीत कुमार ने कहा कि मानवाधिकार मानव अस्तित्व के लिए मूलभूत हैं। ये सार्वभौमिक हैं इसलिए दुनियां भर के लोग इसके अधिकारी हैं। ये व्यक्ति को निडर होकर कर्तव्य करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसंबर 1948 को विश्व स्तर पर मानवाधिकार की घोषणा की। मानव के जन्म से ही मानवाधिकार शुरू हो जाते हैं। मानवधिकार प्रकृति प्रदत्त हैं। इसमें बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। मानवाधिकार के उल्लंघन पर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी मानवाधिकार आयोग एवं न्यायालय का गठन किया गया है। नागरिक को जब अधिकार प्रदान किये जाते हैं तो उसी समय से नागरिक का कर्तव्य शुरू हो जाता है। अधिकार के साथ-साथ मनुष्य को अपना कर्तव्य भी करना चाहिए।

## जेएमएम ने संगठन विस्तार तथा बूथ सशक्तिकरण पर की चर्चा



**जामताड़ा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर बुधवार को जामताड़ा प्रखंड में संगठन विस्तार और बूथ सशक्तिकरण को लेकर अहम बैठक आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष देवीषण हांसदा की अगुवाई में सुखजोड़ा और रानीडीह पंचायत के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर 183 से 194 नंबर बूथों के लिए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति की गई। बैठक में ग्राम स्तर पर संगठन की पकड़ मजबूत करने, मतदान केंद्रों पर सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों में बूथ प्रबंधन को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। पार्टी नेतृत्व ने कहा कि मजबूत बूथ संरचना ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है, और उसी को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदार और सक्रिय कार्यकर्ताओं को यह दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त एजेंटों में सुखजोड़ा पंचायत से सिद्धेश्वर हेंब्रम, उज्ज्वल मंडल, जोसफ मुर्मू और श्यामलाल मुर्मू, जबकि रानीडीह पंचायत से रघुनाथ गोस्वामी, रमाकांत मंडल और लखींद्र को शामिल किया गया है।इनकी नियुक्ति के साथ संबंधित बूथों पर संगठनात्मक गतिविधियों के और अधिक सक्रिय होने की उम्मीद जताई गई। बैठक में उपस्थित नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मतदाता सूची सत्यापन, जनसंपर्क और संगठन संदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया।

## रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित


**चित्तरंजन।** डानकुनी में बुधवार को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सर्वजन हिताय व सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल पेश करते हुए एक भव्य रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सीएलडब्ल्यू डानकुनी यूनिट में आयोजित हुआ। ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन चिरेका डानकुनी की ओर से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रक्तदान शिविर में कुल 54 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जबकि चिकित्सा शिविर में 120 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई।

## भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ी भीड़



**कर्माटांड़ ।** कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती राजा मंदिर ग्राउंड में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में बुधवार को दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा के शुभारंभ के बाद से ही धार्मिक वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचने लगे, जिससे पूरा परिसर हर-हर महादेव, राधे-राधे और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।कथा वाचिका तान्या शरण ने मंगलाचरण के साथ दिन की कथा की शुरुआत की। उन्होंने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ग्रंथ मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके द्वारा सुनाई गई कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र, उनकी लीलाओं और भक्तों के प्रति उनके प्रेम का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद वितरण एवं पेयजल की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी। कथा के मध्य समय-समय पर भजन-कीर्तन भी प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इस कथा से पूरे क्षेत्र में अध्यात्म और सद्भाव का संदेश फैलता है। शाम तक कथा पण्डाल में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। समिति के सदस्यों ने बताया कि आने वाले दिनों में कथा के महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसमें और भी बड़ी संख्या में भीड़ जुटने की संभावना है।

## विश्व मानवाधिकार दिवस जागरूकता शिविर



**नाला (जामताड़ा)।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर माननीय झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा राधा कृष्ण एवं प्राधिकार के सचिव पवन कुमार के निर्देशानुसार नाला प्रखंड मुख्यालय परिसर तथा उच्च विद्यालय भंडार बेड़ा में विधिक जागरूकता एवं लीगल एड हेल्प डेस्क का आयोजन प्राधिकार के अधिकार मित्र सह पी एल भी अमित कुमार सिंह,निशा सोरेन एवं जयंती दत्ता के द्वारा किया गया।पीएलभी ने बताया कि जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके मौलिक अधिकारों, निशुल्क विधिक सहायता के प्रावधानों और कानूनी अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी देना साथ ही पीड़ितों को मुआवजा का लाभ,सरकार के द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया जिससे उनको अपने अधिकारों के तहत योजना का लाभ मिल सके। इसके अलावा नालसा के निशुल्क हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई। मोके पर विद्युत पाल,युद्धपति पाल, दुखु बाउरी,संदिप मुर्मू, मोनिका हेंब्रम,तिलका बाउरी,संजय मंडल, गौतम ठाकुर आदि मौजूद रहे। वहीं उच्च विद्यालय भंडारबेड़ा में विश्व मानवाधिकार दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राधिकार के पीएलभी सह अधिकार मित्र निशा सोरेन के द्वारा विद्यालय के उपस्थित छात्र-छात्राओं को संवैधानिक गारंटी, समानता,सम्मान, कानूनी मदद का हक और न्याय से संबंधित जानकारी दिया गया।

## कृषकों का मशरूम की खेती प्रशिक्षण का समापन



**नाला( जामताड़ा)।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता (विभाग उद्यान) विभाग के तत्वाधान में नाला प्रखंड अंतर्गत दलाबड़ पंचायत सचिवालय में महिला तथा पुरुष कृषकों का पांच दिवसीय मशरूम खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को तीसरे दिन का प्रशिक्षण का समापन हुआ। मालूम हो कि महिला एवं पुरुष किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मशरूम की खेती का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक के तौर पर पूजा कुमारी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## क्रेडिट सोसायटी की वार्षिक बैठक

**चित्तरंजन।** चिरेका को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड में 14 सितंबर 2025 को आयोजित 55वीं वार्षिक आमसभा में लिए गए कई निर्णयों को लेकर शेयरधारकों ने गंभीर आपत्ति जताई है। प्रतिनिधि उत्तम सिन्हा द्वारा सचिव को सौंपे गए प्रतिवेदन में कहा गया है कि एजीएम में पारित अनेक प्रस्ताव शेयरधारकों के आर्थिक हितों के प्रतिकूल हैं और सदस्यों पर अनावश्यक बोझ डालते हैं।प्रतिवेदन के अनुसार पहला, शेयरधारकों की अनुमति के बिना सीएमटीडी में अतिरिक्त कटौती की गई, जिसे प्रतिनिधियों ने पूरी तरह गैर-पारदर्शी बताया है। उन्होंने तुरंत जिम्मेदारी तय करने और अतिरिक्त कटौती की गई राशि लौटाने की मांग की है।दूसरा, ऋण स्वीकृति में अत्यधिक विलंब और पक्षपात की शिकायतें जारी हैं। कई सदस्यों का आरोप है कि प्रभावशाली व्यक्तियों को प्राथमिकता मिलती है। प्रतिनिधियों ने दैनिक प्राथमिकता सूची जारी करने की मांग की है।तीसरा, सेवानिवृत्त सदस्यों का अंतिम निपटान लगभग तीन महीने बाद होता है, जिससे बाहर रहने वाले सदस्यों को परेशानी होती है। उन्होंने समय पर निपटान और मासिक विदाई कार्यक्रम सुनिश्चित करने की मांग की है।चौथा, एलटीएल और एसटीएल पर बढ़ी ब्याज दरों को वापस पूर्व स्तर पर लाने की अपील की गई है।

## सीपीआई संयुक्त अंचल कमेटी की बैठक सम्पन्न




संताल एक्सप्रेस

**नाला (जामताड़ा) ।** बुधवार को नाला पीडब्ल्यूडी परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नाला संयुक्त अंचल कमेटी की बैठक कॉमरेड बलराम राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय परिषद सदस्य कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना वर्ष 1925 में 26 दिसंबर को कानपुर में हुई थी। आगामी 26 दिसंबर 2025 को पार्टी अपने संघर्षपूर्ण 100 वर्ष पूरे करने जा रही है, जिसे देशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में जिले में 27 दिसंबर को शताब्दी वर्ष समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा किए गए जन-संघर्ष, जनकल्याण कार्यों एवं विभिन्न कानूनों के लिए लड़ी गई लड़ाइयों से अवगत कराया जाएगा।कन्हाई चंद्र माल पहाड़िया ने यह भी कहा कि शताब्दी समारोह के अवसर पर पार्टी के सभी दिवंगत कॉमरेडों एवं नेताओं के बैनर व फोटोग्राफ लगाकर श्रद्धांजलि दी जाएगी, ताकि उनके योगदान को भावपूर्ण तरीके से याद किया जा सके। मौके पर विमल कांति घोष, काली पद राय, सूदन मुर्मू, रॉबिन चंद्र, नारायण चंद्र पातर, कृष्ण मय पाल, सदानंद बाद्यकर, आयेन चंद्र माजी, मिठू राय, मिलन माजी, नरेश मंडल, अष्टम कुमार महतो, भोलानाथ मंडल, सुबल कुमार मंडल, सुरेश कुमार दास सहित काफी संख्या में कॉमरेड उपस्थित थे।

## ग्रामीण चिकित्सकों को दिया गया प्रशिक्षण



**नाला (जामताड़ा)।** जिला भीबीडी पदाधिकारी के निर्देशानुसार वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाला सभागार में ग्रामीण चिकित्सकों( आरएचपी )का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 समीर कुमार मुर्मू ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से भीबीडी जिला सलाहकार रत्नेश शर्मा मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वैक्टर जनित रोग पर प्रशिक्षण दी गई जैसे-मलेरिया फाईलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू आदि सारी बीमारियों की जानकारी चिकित्सकों को दी गई। इस दौरान बीपीएम सह मलेरिया सुपरवाइजर अहमद रजा परवेज ने भी ग्रामीण चिकित्सकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर डॉ0 रामकृष्ण बाबू ,डॉक्टर संजय कुमार, डॉक्टर गुनीता लोईतंगबम, बीपीएम सह मलेरिया सुपरवाइजर अहमद रेजा परवेज, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टुडू, एमपीडब्ल्यू शांतिमय मंडल, ग्रामीण चिकित्सक अनंत मंडल, दयामय दास, कंचन राणा ,नंदलाल गोराई बसंत पंडित, विजय गोराई, उत्तम कुमार घोष, प्रदीप कुमार घोष, नंदलाल सिंह, सुशील कुमार घोष, तरुण कुमार मित्र, सुशांत चक्रवर्ती, तपन कुमार माजी, करुणा मित्र, महतो, चिंतामणि पाल, यदुनाथ मंडल ,मोहम्मद साबिर अंसारी, सुभाष कुमार पाल, जयदेव गोराई, दुलाल तंतुवाई, जयलाल मुर्मू, सुबोध कुमार दे, प्रदीप घोष आदि मौजूद थे।

## चुनाव सुधार और 'वोट चोरी' पर संसद में बहस

लोकतंत्र की विश्वसनीयता को बनाये रखने का एक अवसर

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान हाल ही में हुई बहस में 'वोट चोरी' और व्यापक चुनाव सुधारों का मुद्दा जिस गंभीरता से सभी पक्षों के सांसदों द्वारा उठाया गया, वह भारत की लोकतांत्रिक यात्रा के लिए इसे एक निर्णायक अवसर माना जा सकता है। मतदान प्रक्रिया पर बढ़ते सवाल, तकनीकी, पारदर्शिता को लेकर विपक्ष की आशंकाएँ निराधार नहीं है। चुनाव में अर्थतंत्र की भूमिका का असर, चुनाव के यह मुद्दे लंबे समय से देश की राजनीति और चुनाव में गहरी जड़ें जमा चुके हैं। इस बार संसद में जिस तीखेपन और स्पष्टता के साथ इन सभी प्रश्नों को सांसदों ने रखा है, उससे सरकार और चुनाव आयोग दोनों के ऊपर चुनाव में सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठाने का दबाव बनाने का काम किया है। चुनाव आयोग और सरकार की जवाबदेही तय करने की दिशा में संसद आगे बढ़ी है। बहस का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहा, कि चर्चा में वोट चोरी मामले को लेकर सभी गंभीर दिखे। लगभग सभी दलों ने 'वोट चोरी' चुनाव में सरकार के 'अनुचित प्रभाव' तथा चुनाव आयोग का सत्ताधारी दल के प्रति समर्पण जैसे आरोपों की पृष्ठभूमि में चुनाव प्रक्रिया के भरोसे को लेकर विपक्ष की चिंता देखने लायक थी। विपक्ष ने हर बात को बड़ी सूक्ष्मता के साथ संसद में रखा है। इस बहस में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में जिस तरह की तलखी देखने को मिली है। सरकार को घेरते हुए विपक्ष ने जिस तरह की एकजुटता मजबूती के साथ दिखाई है, उससे चुनाव आयोग और सरकार की परेशानी निश्चित रूप से बढ़ी है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कुछ सदस्यों ने ईवीएम से जुड़ी पारदर्शिता को बढ़ाने, वीवीपैट की संख्या में वृद्धि करने, 100 फ़ीसदी मतपत्रों की गिनती करने, और स्वतंत्र ऑडिट की आवश्यकता पर जोर दिया है। संसद में विपक्ष के सदस्यों ने डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के बढ़ते खतरे का उल्लेख करते हुए मतदान प्रणालियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुधार करने एवं जवाबदेही तय करने की बात कही है। सदन में स्वीकार किया गया है, चुनावी सुधार केवल तकनीकी बदलावों तक सीमित नहीं हो सकते। काले धन और चुनावी खर्च की सीमा के उल्लंघन ने चुनाव को बुरी तरह से प्रभावित करते हुए लोकतांत्रिक संतुलन को बिगाड़ा है। राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे में पारदर्शिता, चुनावी बॉन्ड, सरकारी खजाने से चुनाव के दौरान मतदाताओं के खाते में राशि ट्रांसफर करने एवं पैसे के बल पर चुनाव को प्रभावित करने, विवादित तंत्रों एवं पैसे के बल पर चुनाव को प्रभावित करने का उल्लेख संसद में करते हुए इनमें सुधार की मांग की गई है। उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड पर कड़े नियम बनाने के मांग और बहस ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है। कई सदस्यों ने मांग दोहराई, दोषी राजनीतिक व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया को विकसित किया जाना जरूरी है।

वोट चोरी' से जुड़े आरोप लोकतंत्र में जनता के विश्वास को चोट पहुँचाते हैं। सदस्यों की मांग थी, संसद में उठे मुद्दों को केवल चर्चा और बहस की औपचारिकता नही माना जाए। संसद में चुनाव सुधार और वोट चोरी को लेकर जो चर्चा हुई है, उस पर तुरंत गंभीरता के साथ आधार बनाकर चुनावी प्रणाली को विश्वसनीय बनाने के लिए और चुनाव में लोगों का भरोसा बना रहे, उसके लिए आवश्यक परिवर्तन करने की जरूरत है। सरकार और चुनाव आयोग को सभी राजनीतिक दलों को भरोसे में लेकर चुनाव सुधार की दिशा में ठोस, समयबद्ध, पारदर्शी सुधार लागू किए जाने की दिशा में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। लोकतंत्र की शक्ति तभी सुरक्षित रह सकती है जब चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, विश्वासप्रद और भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। इस पर सभी राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को विश्वास हो। संसद में हुई बहस ने देश को एक बड़ा संदेश दिया है। भारत सरकार और चुनाव आयोग के पास अब चुनाव सुधारों को टालने का विकल्प नहीं बचा है। जिस तरह के हालात पूरे देशभर में बने हैं। एसआईआर के बाद जिस तरह से मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा रहे हैं। मतदाता सूची समय पर राजनीतिक दलों और आम जनता के समक्ष नहीं रखी जा रही है। मतदान के बाद जिस तरह से मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाता है। वीवीपीएटी की मशीनों के पर्चियों की गणना नहीं की जाती है। उसके कारण राजनीतिक दलों और आम जनता का भरोसा चुनाव प्रक्रिया से खत्म होता जा रहा है। मतदाताओं का भरोसा पुनः मजबूत करने के लिए संसद में विपक्ष ने जिस तरह के सुझाव दिए हैं उन पर तुरंत सुधार किए जाने की जरूरत है। चुनाव आयोग की नियुक्ति और एसआईआर को चुनाव आयोग सरकार और न्यायपालिका की भूमिका को लेकर भी संसद में बहुत कुछ कहा गया है। जिस तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की गई है, न्यायपालिका से चुनाव से संबंधित मामलों की सुनवाई को लंबे समय तक टाला जा रहा है। उसके कारण चुनाव और चुनाव की विश्वसनीयता को लेकर लगातार शक-सुबहा बढ़ता ही चला जा रहा है। संसद में हुये इस विमर्श ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग तथा न्यायपालिका को एक मौका दिया है। समय रहते इस पर सार्थक पहल हो जाती है तो लोगों का इस पर भरोसा बना रहेगा। जिस तरह की हालत वर्तमान में देखने को मिल रही है सरकार चुनाव, आयोग और न्यायपालिका ने यदि अपनी भूमिका का सही तरीके से निर्वाह जिम्मेदारी के साथ नहीं किया तो आगे चलकर भारत में भी वही स्थिति बन सकती है जिस तरह की स्थिति बांग्लादेश में बनी थी।

# वोट चोरी-एसआईआर के सहारे मोदी सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश

**अजय कुमार**

संसद के दोनों सदनों में चुनाव प्रक्रिया में सुधार, एसआईआर और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर चर्चा चल रही है। सभी दलों के नेता पक्ष-विपक्ष में अपने विचार रख रहे हैं। इसी के साथ चुनावों के दौरान मतदान प्रणाली को लेकर लगातार उठ रहे विवादों में पिछले कुछ समय से चुनाव आयोग भी विपक्षी दलों के निशाने पर है। विपक्ष की पार्टियां बार-बार यह सवाल कर रही हैं कि आखिर क्यों जनता लगातार भारतीय जनता पार्टी को चुन रही है, जबकि कांग्रेस और महागठबंधन जैसी पार्टियां हर बार चुनाव में हार रही हैं। इन दलों का आरोप है कि चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता नहीं बरत रहा और ईवीएम में गड़बड़ी हो रही है। राहुल गांधी इस मामले में सबसे मुखर आवाज बने हुए हैं, जो ईवीएम के खिलाफ कई बार अपनी आपत्ति जता चुके हैं। विपक्ष का मानना है कि सभी चुनावों में वोटिंग मशीन के जरिए वोटिंग की बजाय फिर से बैलेट पेपर से चुनाव करवाए जाएं। उनका तर्क है कि ईवीएम में विश्वास नहीं किया जा सकता क्योंकि इससे गड़बड़ी संभव है। इसके साथ ही वे बताते हैं कि ईवीएम के विवादों को लेकर चुनाव आयोग और सरकार पर सवाल उठाना उनकी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। विपक्ष की ओर से यह भी आवाज उठ रही है कि चुनाव प्रणाली में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि हर वोट की गिनती सटीक और निष्पक्ष रूप से हो।दूसरी ओर सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग का इस मामले पर मजबूत रुख है। उनका कहना है कि बैलेट पेपर के जमाने में चुनावों में बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और हिंसा होती थी। उस वक्त दबंग अपने इलाकों में जबरन बैलेट पेपर डालकर चुनाव परिणामों को प्रभावित करते थे। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने से रोका जाता था, धमकियां दी जाती थीं और कई बार मारपीट भी होती थी। बैलेट पेपर के डिब्बों में स्याही या पानी डालकर मतदाता का अधिकार छीना जाता था। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र की पराकाष्ठा को खतरा था और जनता की मंशा का सही प्रतिनिधित्व नहीं हो पाता था।इन्हीं कारणों से चुनाव आयोग ने बहुत सोच-विचार के बाद ईवीएम अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को अपनाया। इसके आने के बाद चुनाव प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, त्वरित और पारदर्शी हुई है। चुनाव आयोग बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित और विश्वसनीय हैं। संवैधानिक दिशा-निर्देशों के तहत ईवीएम की जांच, परीक्षण और रख-रखाव नियमित रूप से किया जाता है और यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से होती है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए यदि कोई पार्टियां भी चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज करातीं, तो उसे गंभीरता से लिया जाता और जांच का प्रावधान है।सुप्रीम कोर्ट ने भी अनेक मामलों में ईवीएम की वैधता और सुरक्षित होने की पुष्टि की है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी को ईवीएम से संबंधित कोई शिकायत हो, तो उसका समाधान ईवीएम वीवीपैट (वोटर वेरीफायबल पेपर ऑडिट ट्रेल) के जरिए जांचा जा सकता है। वीवीपैट सिस्टम मतदाता को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि उनका वोट मशीन में सही तरीके से दर्ज हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं कि चुनाव प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।हालांकि, विपक्ष के नेताओं ने इस मुद्दे को चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने की बजाय प्रचार-प्रसार और सार्वजनिक मंचों पर ही वोट चोरी का आरोप लगाना जारी रखा है। राहुल गांधी के अलावा कई अन्य विपक्षी दलों के नेता भी ईवीएम की आलोचना करते हुए कहते हैं कि यह तकनीक शक्तिशाली दलों का पक्ष लेती है। वे दावा करते हैं कि चुनाव आयोग और सरकार मिलकर ईवीएम के माध्यम से सत्तासीन पार्टी का समर्थन बढ़ा रही है। हालांकि, इस मामले में ठोस सबूत या अदालत में जांच के लिए कोई ठोस कदम विपक्षी दलों ने नहीं उठाए हैं। चुनाव आयोग ने इस दौरान अपने बयान में स्पष्ट किया है कि वे पूरी निष्पक्षता और स्वतंत्रता के साथ चुनाव प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईवीएम और वीवीपैट प्रणाली पर पूरी तरह भरोसा किया जा सकता है। आयोग ने विपक्ष को भी कई मौके दिए हैं कि वे ईवीएम की जांच करे और यदि कोई त्रुटि मिले तो उसका निवारण किया जाए। आयोग ने बार-बार कहा है कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना उनकी प्राथमिकता है।इस पूरे विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा है कि वोटिंग सिस्टम की समीक्षा और सुधार आवश्यक है, मगर इसे वैज्ञानिक आधार और तथ्यात्मक प्रमाणों के आधार पर करना चाहिए। वे कहते हैं कि बिना किसी ठोस सबूत के, वोटिंग मशीन पर आरोप लगाना लोकतंत्र के हित में नहीं है। इसके बजाय सभी राजनीतिक दलों को साथ मिलकर चुनाव सुधारों पर विचार करना चाहिए और मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखना चाहिए। चुनाव आयोग ने पुनर्निर्धारित मतदाता पहचान प्रक्रिया, ईवीएम के सुरक्षा तंत्रों में नवीनतम तकनीक, वीवीपैट की संपूर्ण जांच और चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण में सुधार जैसे कई कदम उठाए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया पर कोई संदेह न रहे। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अन्य आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर भी विचार किया है जो लोकतंत्र की मजबूती में सहायक हों।

राजनीतिक दलों की बात करें तो कांग्रेस और महागठबंधन इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठाकर जनता का ध्यान चुनाव प्रणाली की खामियों की ओर ले जाना चाहते हैं। वे दावा करते हैं कि जनता को सचेत किया जाए ताकि उनका वोट सुरक्षित रहे। दूसरी ओर भाजपा और अन्य सत्ता पक्ष इस बात पर जोर देते हैं कि पुरानी गलतियों को दोबारा न आएं और लोकतंत्र के मजबूत स्तंभों को मजबूत किया जाए। उनका तर्क है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष है और विरोधी दल केवल अपनी चुनावी असफलताओं को छुपाने के लिए आरोप लगा रहे हैं। यह विवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा भी है। लोकतंत्र तभी मजबूत हो सकता है जब जनता चुनाव प्रक्रिया पर भरोसा करे और मतदाता अपने अधिकारों को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से प्रयोग कर सके। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका इसमें निर्णायक होती है क्योंकि वे चुनाव के नियम-संहिता के संरक्षक हैं। इसीलिए, वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता को लेकर चल रहे सवालों के बीच तथ्य-आधारित बहस जरूरी है ताकि लोकतंत्र की नींव मजबूत हो।

# वंदे मातरम पर चर्चा : सवाल नीति और नीयत का

**निर्मल रानी**

भारतीय संसद में शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान ÷वंदे मातरम÷ की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक विशेष चर्चा आयोजित की गयी। ग़ौर तलब है कि संस्कृत और बांग्ला भाषा के मिश्रण से तैयार किया गया यह गीत पहली बार 1882 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित उनकी बांग्ला उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित हुआ था। 24 जनवरी 1950 को भारत की संविधान सभा ने इसी गीत अर्थात ÷वन्दे मातरम्÷ को राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया। आज देश में इस गीत को भी राष्ट्रगान अर्थात ÷जन गण मन÷ के ही समकक्ष सम्मान प्राप्त है। सभी सरकारी और आधिकारिक कार्यक्रमों में जब इसे गाया या बजाया जाता है, तो सभी लोग इसके सम्मान में खड़े होते हैं। परन्तु हमारे देश में मुस्लिम उलेमा का एक वर्ग ऐसा है जिनका मानना है कि धरती-माँ को इस तरह देवी के रूप में पूजना और उसके सामने सजदा करना इस्लाम विरोधी (शिर्क ) है। और अल्लाह के सिवा किसी को सजदा करना हराम है। इस विचारधारा का प्रतिनिधित्व ख़ासतौर पर देवबंदी अथवा जमाअत-ए-इस्लामी से सम्बंधित अतिवादी वर्ग के लोग ही करते हैं। जबकि अधिकांश मुस्लिम राष्ट्रप्रेम का हिस्सा मानते हुये इसे गाते भी हैं।

परन्तु राष्ट्रगान ÷जन गण मन÷ का विरोध करने वाले हिंदूवादी विचारधारा से जुड़े लोग ख़ासकर संघ व भाजपा वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पार्टी पर मुस्लिम परस्त होने का इलज़ाम लगाती रहती है। यही कोशिश गत दिनों संसद में ÷वंदे मातरम÷ पर चर्चा के दौरान देखने को भी मिली। ख़ासकर इस चर्चा का ऐसे समय में होना जबकि अगले वर्ष बंगाल में चुनाव भी प्रस्तावित हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों की तरफ़ इशारा करता है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा में ÷वंदे मातरम÷ पर बहस के दौरान सरकार पर तीखा प्रहार करते हुये यह कहा भी कि राष्ट्रगान पर बहस की कोई ज़रूरत नहीं क्योंकि यह पहले से ही राष्ट्रगान है। प्रियंका गांधी ने भी यही दावा किया कि यह चर्चा बंगाल चुनावों को ध्यान में रखकर जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास है। उन्होंने ÷वंदे मातरम÷ को भारत की आत्मा का हिस्सा बताया, जो ग़ुलामी से जागरण का प्रतीक है और आधुनिक राष्ट्रवाद की अभिव्यक्ति है। उल्टे प्रियंका गांधी ने संविधान सभा में दो छंद अपनाने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरोध न करने का ही सवाल उठा कर भाजपा को ही घेरने की कोशिश की। राजयसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सत्ता से सवाल किया कि जब भाजपा के पुरखे श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में सरकार चला रहे थे, तब आपकी देशभक्ति कहां थी?

बहरहाल,इसी तरह के मुद्दों को उठाकर कांग्रेस को मुस्लिम परस्त बताने व हमेशा ही कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाने वाली भाजपा को कम से कम देश को एक बात यह भी बतानी चाहिये कि जिस दारुल उलूम देवबंद व जमाअत-ए-इस्लामी ने वंदे मातरम का विरोध किया था, जिस जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने 1937-39 में जारी अपने फ़तवे में वंदे मातरम को गाना %हराम% बताया था। उसी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली अफ़ग़ानिस्तान की तालिबान सरकार से तो भारत बेहतर रिश्ते बनाने की तरफ़ आगे बढ़ रहा है ? गत अक्टूबर माह में ही अफ़ग़ानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मौलवी आमिर ख़ान मुत्तक़ी ने भारत का छह-दिवसीय दौरा किया। इस दौरे के दौरान मुत्तक़ी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाक़ात की, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार, मानवीय सहायता, शिक्षा और आर्थिक सहयोग पर चर्चा हुई। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अनुमति से संभव यह यात्रा भारत-अफ़ग़ानिस्तान संबंधों को मज़बूत करने का संकेत मानी गई। मुत्तक़ी ने अपने भारत प्रवास के दौरान केवल राजकीय यात्रा मात्र ही नहीं की बल्कि इस दौरान उन्होंने 11 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर ज़िले में स्थित दारुल उलूम देवबंद अर्थात अपने वैचारिक प्रेरणा केंद्र का भी दौरा किया। यह वही दारुल उलूम देवबंद तो है जिसने वंदे मातरम के एक हिस्से को गाने का विरोध किया था ? मुत्तक़ी ने अपने भारत दौरे के बीच दारुल उलूम देवबंद पहुंचकर व देवबंदी मसलक से जुड़े दारुल उलूम के उलेमा, छात्रों और अफ़ग़ान छात्रों से मिकर केवल अपनी अतिवादी वैचारिक प्रतिबद्धता ही नहीं दोहराई बल्कि उन्होंने दिल्ली में ही आयोजित अपनी पहली प्रेस कॉन्फ़्रेंस में महिलाओं को प्रवेश न देकर भी यह साबित कर दिया कि महिलाओं के प्रति इस सोच विचार के लोग कितनी असहिष्णुता का भाव रखते हैं। परन्तु आश्चर्य है कि भाजपा सरकार वंदे मातरम गायन का विरोध करने व इसे हराम बताने वाली विचारधारा व इसके रहनुमाओं को तो गले से लगाती है। इनके स्वागत में लाल क़ालीन बिछाती है परन्तु कांग्रेस पर वंदे मातरम विरोधी होने का आरोप मढ़ती है ? परन्तु जब कांग्रेस संविधान सभा में इस गीत के दो छंद अपनाने पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरोध न करने का सवाल उठाती है तो भाजपा बग़लें झाँकने लगती है ?

आज देश बेरोज़गारी व मंहगाई से बुरी तरह जूझ रहा है। डॉलर के मुक़ाबले रूपये की क़ीमत रसातल तक पहुँच गयी है। 2012-13 के मध्य जब डॉलर के मुक़ाबले भारतीय रुपये की कीमत 60-68 के बीच लुढ़क रही थी। उस समय नरेंद्र मोदी ने यूपीए सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुये कहा था कि ÷हमारी मुद्रा मृत्युशैया पर है, यह टर्मिनल स्टेज पर है और इसे तुरंत डॉक्टर की ज़रूरत है÷। उसी समय मोदी ने ज़ोर देकर यह भी कहा था कि रुपये की गिरावट से प्रधानमंत्री की इज़्ज़त गिरती है, क्योंकि रुपया केवल काग़ज़ का टुकड़ा नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा होता है। उस समय मोदी ने इसे तत्कालीन यू पी ए सरकार की आर्थिक नाकामी क़रार दिया था। परन्तु आज तो 1 डॉलर के मुक़ाबले भारतीय मुद्रा 90 के क़रीब पहुँच चुकी है। आज देश की संसद में इसपर चर्चा क्यों नहीं होती ? दरअसल मोदी सरकार ने अपनी पूरी ताक़त देश का साम्प्रदायिक आधार पर ध्रुवीकरण करने में झोंक रखी है। ख़ासकर चुनावों के समय ऐसी कोशिशों में और भी तेज़ी आ जाती है। बड़ा आश्चर्य है कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राष्ट्रगान तक का विरोध करने वाले,गांधी की हत्या पर जश्न मनाने व मिठाइयां बांटने वाले,भारतीय संविधान को न पचा पाने वाले लोग आज सत्ता में आने के बाद बड़े ही शातिर तरीक़े से स्वयं को महान देशभक्त व धर्म के अभिरक्षक बनने की कोशिश कर रहे हैं। और देश के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुये फांसी के फंदे पर झूलने व अंग्रेज़ों की यातनायें झेलने वाली कांग्रेस को वंदे मातरम विरोधी तो कभी मुस्लिम परस्त तो कभी पाक परस्त बातकर मुद्रा पतन से लेकर मंहगाई बेरोज़गारी जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकने की कोशिश करती रहती है। गत दिनों संसद में वंदे मातरम पर हुई चर्चा भी जनहितकारी मुद्दों से ध्यान भटकने की ऐसी ही एक कोशिश थी जिसमें वंदे मातरम को लेकर भाजपा की नीति और नीयत का अंतर साफ़ नज़र आया।



## निसार ने पांचवी बार में हासिल की सफलता



संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर (पाकुड़)। संघर्ष, जज़्बा और लगातार मेहनत—इन तीन शब्दों में अगर किसी की सफलता को बयां करना हो, तो हिरणपुर प्रखंड के युवा निसार अहमद का नाम सबसे ऊपर आएगा। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले निसार ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए न केवल अपनी राह खुद बनाई, बल्कि पाँचवीं कोशिश में **JSSC CGL** परीक्षा पास कर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बनने का गौरव हासिल किया।हैरानी की बात यह है कि इस सफलता से पहले निसार चार अलग-अलग सरकारी नौकरियाँ छोड़ चुके थे, लेकिन कभी हार नहीं मानी। उनके पिता कुर्बान अंसारी हिरणपुर थाना के सामने वर्षों से साइकिल मिस्त्री की दुकान चलाते हैं। आर्थिक तंगी के बीच पले-बढ़े निसार का बचपन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन सपने बड़े थे।चार भाइयों में मंझले निसार हमेशा मेहनती और पढ़ाई को लेकर गंभीर रहे। बड़े भाई पिता की दुकान संभालते थे, जबकि छोटे भाई पढ़ाई करते रहे। घर की हालत ठीक न होने के बावजूद माता-पिता ने बच्चों की शिक्षा में कमी नहीं आने दी। यही वजह है कि निसार ने गरीबी को अपनी मजबूरी नहीं बनने दिया, बल्कि चुनौती मानकर आगे बढ़ते गए।निसार की नौकरी यात्रा किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं। साल 2019 में उन्होंने लिट्टीपाड़ा प्रखंड कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कुछ महीने कार्य किया। इसी बीच उनकी मेहनत रंग लाई और **RBI** बटालियन में चयन हुआ। इसके बाद उन्होंने रेलवे की दो परीक्षाएँ पास कीं—पहले ष्ठ ग्रेड, फिर ष्ट ग्रेड, और उड़ीसा में योगदान भी दिया। रेलवे की स्थायी नौकरी करते हुए उन्होंने पंचायत सेवक (सेक्रेटरी) की परीक्षा पास की और लिट्टीपाड़ा में योगदान दिया।लेकिन निसार का सपना इन नौकरियों तक सीमित नहीं था। वे हमेशा बड़े मुकाम की तलाश में थे। अंततः दिसंबर 2025 में JSSC CGL परीक्षा में सफलता हासिल कर ली, और अब वे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बनने वाले हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ठिका खोबोर**

ई-ठिका खोबोर संख्याः 11-MC-BVZI-BVCM-25-26, धनबाद, माहितः 09.12.2025

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद होतेते लातार रे ओलाकान कामीको फान्डाव लागित् ई-खुला ठिका (e-open tender) Single Packet System js IREPS Portal रे नेवतायेत् काना।

1. कामी रेयाक् जुतुमः BVZI/BVCM वैगनको नावांआरोय लागित् जारूड़ोक्आक् जिनिसको बेबोसताय आर फिटमेंट, मात्रा-100 सं या, 2. ठिका रेयाक् सोमोयः 12 चान्दो, 3. कामी-जायगाः BRWD से टेंडर डॉक्यूमेंट लेका रे जाहांटाक् जायगा गे, 4. मोट पूंजीः **रु.. 1,42,96,226/-** (एक करोड़ ब्यालीस लाख छियानवे हजार दो सौ छब्बीस टाका) सुमुङ, 5. ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः रु. 0.00 (शून्य), 6. बायना पायसा (ठिका खोबोर लेका रे): रु. 2,21,500/- (दो लाख इक्कीस हजार पाँच सौ टाका) सुमुङ, 7. ई-ठिका जामाय रेयाक् तारीक आर सोमोयः तारीक 15.12.2025 खोन 29.12.2025 हिलोक् 11:30 बजे हाबिच, 8. ई-ठिका झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः 29.12.2025 हिलोक् 11:45 बजे, 9. वेबसाईट रेयाक् बानाडायः **http://www.ireps.gov.in** (ई-ठिका तारी रे मैनुअल दारखास दो बाङ आंगोचोक्आ)

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय)/ पूमरे/धनबाद

**पीआर/1430/डीएचएन/यां/टी/25-26/36**


## वाहन की चपेट से एक युवक की मौत

महेशपुर (पाकुड़ )महेशपुर गुम्मामोड सड़क घाट चोरा के पास बीते देर रात को एक युवक का किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने से मृत्यु हो गई है ।घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार भूटान राय शहरी निवासी महेशपुर गुम्मामोड के रास्ते अपने घर की ओर जा रहा था इसी दौरान घाटचोरा डिग्री कॉलेज के पास किसी अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से जख्मी हो गया और वह जख्मी अवस्था मे वही पर गिर पड़ा रहा ।स्थानीय ग्रामीणों को इसकी सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुँच कर मामले की जानकारी पुलिस को दी फिर उक्त व्यक्ति को इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। बुधवार को निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी सचिव विशाल मांझी की उपस्थित में पाकुड़ प्रखंड के सभागार में अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के विशाल मांझी ने बताया कि 10 दिसंबर को पूरे विश्व में मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है।आज का थीम ÷हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएं÷ है, जो बताती है कि मानवाधिकार सिर्फ बड़े आदर्श नहीं बल्कि न्याय और सुरक्षा , स्वच्छ जल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सुरक्षा, भोजन और गरिमा का अधिकार जैसे मानव अधिकारों के महत्व पर भी जोर देता है। इस दौरान मानव अधिकार के उद्देश्य पर चर्चा की गई जिसमें मानवीय गरिमा की रक्षा, समानता और भेदभाव का उन्मूलन ,व बुनियादी ज़रूरतें आदि पर चर्चा की गई।वहीं लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल सिस्टम के डिप्टी चीफ मो नुकुमुद्दीन शेख ने समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक,सांस्कृतिक, शैक्षिक संवैधानिक उपचारों का अधिकार पर विस्तार पूर्वक बताया। प्रखंड विकास पदाधिकारी समीरअल्फ्रेड मुर्मू ने सरकारी योजनाओं समेत लोगों के अधिकार पर विस्तृत जानकारी दी साथ ही मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार की गारंटी देकर काम के अधिकार बेरोजगार भत्ता पर जानकारी दी गई। मंच का संचालन इंडियन नेशनल एसोसिएशन के अध्यक्ष जेड एच विश्वास ने किया।इस दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा लीगल एड क्लिनिक, संबंधित थाना, विद्यालय पंचायतो में जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर प्रखंड के सभी कर्मी,जेएसएलपीएस के बीपीएम उमेश कुमार, बीपीओ अजित कुमार टुडू, पैरा लीगल वॉलिंटियर्स खुदु राजवंशी,याकूब अली, नीरज कुमार राउत, समाजसेवक शाहीन परवेज, नसरुद्दीन शेख, अजीजुर रहमान सपन प्रमाणिक ,फिलिप विश्वास वरिष्ठर सिंह बेबी मुर्मू समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फरक्का ने पाकुड़ को चार विकेट से हराया

हिरणपुर (पाकुड़ ) हिरणपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित जेएमएम चैम्पियन्स ट्रोपि का चौथा मैंच बुधवार को फरक्का और पाकुड़ के बीच खेला गया।जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए फरक्का की टीम ने 20 ओवर में 6 विकट खोकर 333 रन का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया।वही जवाब में पाकुड़ की टीम ने 19 ओवर में 196 रन पर ही ऑल आऊट हो गया। इस टूर्नामेंट में फरक्का टीम की ओर से सर्वश्रेट बल्लेबाजी करते हुए टीम के आयुष्मान नायक ने 86 रन और 2 विकेट लिए ।जिसे कमिटी के निर्णय पर मेन ऑफ दी मैंच घोषित किया। वही टीम के जोंटी सरकार ने 67 रन व विजय सरकार ने 40 रनों का सरदार पारी खेली । यह खेल 20-20 ओवर का खेला गया।वही इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कॉमेंटेटर के भूमिका नाजिर अंसारी व बिनोद यादब ने निभाई।वही एम्पायर का भूमिका कुन्दन दास ओर श्यामा दास ने महत्वपूर्ण निभाई। टूर्नामेंट में झारखण्ड बंगाल व बिहार के कई टीमो ने हिस्सा लिया है।खेल को सफल बनाने में बिकास रविदास जितेंद्र दास,बिक्की,सोनू,बीरेन्द्र, नाजिर,सज्जाद अंसारी,ने अहम भूमिका निभाई।

## अवैध कोयला परिवहन में तीन बाइक जब्त

हिरणपुर (पाकुड़ )हिरणपुर के उपरबन्धा के रास्ते बाइक से अवैध रूप से कोयले का परिचालन धमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को पुलिस ने इस गांव में कोयला लदे तीन बाइक को जब्त किया। थाना के एएसआई दिलीप कुमार मंडल ने छापामारी कर कोटालपोखर की ओर जा रहे बाइक को पकड़ा। वहीं सभी चालक बाइक छोड़कर भाग निकले। कोयला लिंक पथ से कोयला बाइक में लोडकर विपतपुर के रास्ते देवपुर होते हुए

## गिट्टी लदा एक ट्रैक्टर किया जब्त

महेशपुर (पाकुड़ )सीओ संजय कुमार सिन्हा ने रदीपुर ओपी प्रभारी विवेक कुमार के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिना माइनिंग चालान के गिट्टी लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है।वही सीओ के लिखित आवेदन के आधार पर स्थानीय थाने में ट्रैक्टर मालिक व चालाक के खिलाफ मामला दर्ज की गई है। सीओ ने बताया है कि रदीपुर ओपी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान श्रीरामगढ़िया- कदमडांगा चेकपोस्ट के समीप चिप्स लदा एक ट्रैक्टर संख्या डब्ल्यूबी 46 एच 0641 को रोका गया।चालक से गिट्टी से संबंधित चालान की मांग करने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं की गई. इसके बाद ट्रैक्टर को जब्त करते हुए रदीपुर ओपी परिसर में रखा गया।सीओ के लिखित आवेदन के आधार पर ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ थाना कांड संख्या 180/25 के सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज की गई है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

महेशपुर (पाकुड़ )थाना क्षेत्र के महेशपुर-पाकुड़िया मुख्य सड़क के दुमकडंगा के पास एक बाइक चालक की द मौत हो गई। बाइक चालक बड़कियारी से महेशपुर आ रहा था, तभी अचानक सामने आए रिक्सा से टकरा गया।मृतक की पहचान जितेंद्र राय के रूप में हुई है। वह सहरी गांव ,पंचायत, पथरिया के रहने वाले के रूप में हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही महेशपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पाकुड़ सादर अस्पताल भेज दिया गया।इधर, घटना की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है और आस-पड़ोस के लोग गहरी दुःख व्यक्त कर रहे हैं।

## इंद्रजीत लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित



पाकुड़। भारत सेवाश्रम संघ पाकुड़ के कार्यकर्ता इंद्रजीत घोष को वर्ष 2025 में आदिम जाति और अनुसूचित जनजाति के स्वास्थ्य, शिक्षा, दान और जागरूकता से संबंधित अच्छी पहल एवं योगदान के करण लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। साधारण सा दिखने वाले इंद्रजीत घोष एक अच्छे वक्ता और शिक्षक के रूप में जाने जाते हैं। विगत 15 साल से शिक्षा व स्वास्थ्य शिविर लगाकर समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े आदिम जनजाति समाज संथाल एवं पहाड़िया के बीच जागरूकता फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा शरीर हमारा साथ दे रहा है मैं निरंतर समाज की सेवा में लगा रहूंगा।

## तनवीर आलम ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुन, समाधान का दिया आश्वासन

पाकुड़।कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम मंगलवार को सदर प्रखंड अंतर्गत तारानगर पंचायत के अनूपनगर और कुसमानगर गांवों का भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने तनवीर आलम को अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों द्वारा प्रमुख रूप से स्नान घाट निर्माण के लिए आवेदन, पीसीसी रोडकी जर्जर स्थिति, बिजली आपूर्ति में हो रही समस्याएं, स्वास्थ्य सेवाओं में कमी जैसीमहत्वपूर्ण समस्याएं रखी गयी। इसके अतिरिक्त पारा शिक्षकों ने अपना एक ज्ञापन प्रदेश थे।महासचिव को सौंपा, जिस पर तनवीर आलम ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांव की विकास करना हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल, मुखिया अजमल शेख, लक्ष्मीकांत, के अलावा अन्य मौजूद थे।

## विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चलाया गया जागरूकता अभियान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) झालसा रांची के निर्देशानुसार अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेषनाथ सिंह के निर्देश पर सचिव रुपा वंदना कीरो के मार्गदर्शन में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के मौके पर पीएलवी (पैरा लीगल वॉलंटियर) जयंती कुमारी की पहल पर लिट्टीपाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी जयंती कुमारी ने गांव के लोगों को उनके मूल अधिकारों, सरकारी योजनाओं और कानूनी सहायता से जुड़ी जरूरी जानकारियाँ सरल भाषा में समझाईं।उन्होंने बताया कि हर नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, समान अवसर, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सुरक्षा पाने का हक है। साथ ही किसी भी प्रकार की हिंसा, भेदभाव या उत्पीड़न की स्थिति में कैसे और कहाँ शिकायत की जा सकती है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई।जयंती कुमारी ने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध निःशुल्क कानूनी सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कानूनी जानकारी का प्रसार होने से समाज में न्याय और सुरक्षा की भावना मजबूत होती है।कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और मानवाधिकार से जुड़े विभिन्न सवाल भी पूछे। अंत में पीएलवी जयंती कुमारी ने सभी को मानवाधिकारों के सम्मान और संरक्षण के लिए जागरूक रहने की अपील की।

# आलीम फाजिल तालीम वाले छात्रों को सरकारी नौकरी सुनिश्चित : हफीजुल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन की सक्रिय भूमिका और अथक प्रयास से झारखंड में आलीम फाज़िल तालिम प्राप्त करने वाले छात्रों को सरकारी नौकरी का रास्ता औपचारिक रूप से सुनिश्चित हो गया है।

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व और संवेदनशील प्रयासों के फलस्वरूप झारखंड में अलीम-फ़ाज़िल तालिम प्राप्त छात्रों के लिए सरकारी नौकरी पाने का मार्ग स्पष्ट और सुनिश्चित हो पाया है। यह निर्णय राज्य में शिक्षा, समानता और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मंत्री हफीजुल हसन इस विषय को निरंतर गंभीरता के साथ सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष रखा, जिससे आज यह निर्णय कार्यान्वित हो पाया। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा यह फैसला हजारों छात्रों और उनके परिवारों के लिए नई आशा और अवसर लेकर आया है। हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद करते हैं। हमारी सरकार प्रत्येक वर्ग के सम्मान, अधिकार और विकास के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

## देवघर में धान खरीदी को लेकर प्रशासन तैयार, 42 पैक्स केंद्र तय; 48 घंटे में होगा भुगतान

**देवघर।** जिले में धान खरीदी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए इस वर्ष कुल 42 पैक्सों का चयन किया गया है। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि पैक्सों को पांच राइस मिलों से टैग कर दिया गया है, जिससे धान की ढुलाई, मिलिंग और सीएमआर की आपूर्ति समय पर एवं सुचारू ढंग से हो सके। प्रशासन ने इस बार धान खरीद के लिए 48.60 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है तथा बोनस सहित प्रति क्विंटल 2450 रुपये की दर निर्धारित की गई है। किसानों को धान बेचने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि प्रत्येक प्रखंड में पैक्सों की संख्या बढ़ा दी गई है और किसान अपने गांव के नजदीक केंद्र पर निबंधन कर धान बेच सकेंगे। भुगतान व्यवस्था को भी सरल किया गया है।

## बच्चों ने लिया बाल विवाह रोकने का प्रण

**देवघर।** बसवरिया प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को कीर्ति संस्था की ओर से 16 दिवसीय अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा समाज से जुड़े कई लोगों की सहभागिता रही। बैठक के दौरान संस्था की सचिव मीरा सिंह ने कहा कि बाल विवाह से बच्चों का बचपन समाप्त हो जाता है। यह सामाजिक कुरिती न केवल शारीरिक व मानसिक विकास में बाधक है, बल्कि भविष्य को भी अंधकार की ओर धकेल देती है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी कराना दंडनीय अपराध है। इस कार्य में शामिल अभिभावक या अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों को दो साल तक का कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड दिए जा सकते हैं।

## देवघर नगर निगम में सेवानिवृति पर विशेष समारोह



**देवघर।** देवघर नगर निगम के सभागार कक्ष में आज बुधवार को सेवानिवृत्त हो रही सफाईकर्मी पार्वती देवी के सम्मान में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। नगर आयुक्त-सह-प्रशासक रोहित सिन्हा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर पार्वती देवी के वर्षों के सेवाकाल को याद किया और उनके श्रम, समर्पण एवं निष्ठा की सराहना की। नगर आयुक्त ने उपादान राशि के रूप में दो लाख रुपये का चेक प्रदान करते हुए पार्वती देवी को स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सुचारू संचालन में सफाईकर्मियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और पार्वती देवी ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया है। सम्मान समारोह में सहायक नगर आयुक्त, निगम कार्यालय के कर्मी तथा झारखंड लोकल बॉडीज फेडरेशन देवघर के अध्यक्ष संजय मंडल सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉ. शरद को मिला चिकित्सा सेवा श्री सम्मान



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** सदर अस्पताल देवघर के वरीय दंत चिकित्सा पदाधिकारी एवं जिला नोडल पदाधिकारी, आयुष्मान भारत योजना–डॉ. शरद कुमार को ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस द्वारा गुरुग्राम स्थित होटल हॉलीडे इन में 'राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा श्री सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है और प्रतिवर्ष देशभर के 30 उत्कृष्ट चिकित्सकों को प्रदान किया जाता है। डॉ. शरद कुमार मूलतः बिहार के वैशाली जिला, हाजीपुर प्रखंड के जमालपुर गांव के निवासी हैं। वर्ष 2025 के लिए चयनित 30 चिकित्सकों में झारखंड से उन्हें यह सम्मान मिला, जो राज्य के लिए गौरव की बात है। कोरोना काल के दौरान कोडरमा सदर अस्पताल में पदस्थापित रहते हुए उन्होंने स्वयं संक्रमित होने के बावजूद सराहनीय कार्य किया।

## प्रेरणा भारती द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा का समारोह पूर्वक समापन




**मधुपुर :** स्वयं सेवी संस्था प्रेरणा भारती द्वारा शहर के पथर चपटी मोहल्ला स्थित कार्यालय सभागार आसरा में गत 25 नवंबर से चलाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी पखवाड़े का बुधवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मधुपुर महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉक्टर सुमन लता,अधिवक्ता धनंजय प्रसाद,माया देवी,अरुण निर्झर व प्रतिभागी ग्रामीण महिलाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए डॉक्टर सुमन लता ने कहा कि अधिकार मांगने की नहीं बल्कि आगे बढ़कर लेने की चीज है।आज भारत के संविधान में महिला पुरुष को बराबरी का दर्जा दिया है।लेकिन शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण आम खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं इससे दूर बनी हुई हैं। अधिवक्ता धनंजय प्रसाद ने कहा कि हमारे देश में धर्म,जाति,लिंग या किसी भी आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता।

## मानवाधिकार दिवस : मानव गरिमा, समानता और न्याय का वैश्विक संकल्प



**देवघर संताल एक्सप्रेस :** हर वर्ष 10 दिसंबर को विश्वभर में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें उन सार्वभौमिक अधिकारों की याद दिलाता है,जो प्रत्येक व्यक्ति को केवल मानव होने के कारण प्राप्त होते हैं–चाहे उसका धर्म, जाति, भाषा, लिंग, राष्ट्रीयता, सामाजिक या आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। वर्ष 2025 का मानवाधिकार दिवस इसलिए भी विशेष महत्व रखता है क्योंकि आज दुनिया तकनीकी बदलावों, बढ़ती असमानताओं और वैचारिक चुनौतियों के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में मानव गरिमा और समानता की रक्षा पर नए सिरे से विचार करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।मानवाधिकार दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं,बल्कि मानवता के मूल्यों को पुनर्जीवित करने का संकल्प है। यह हमें याद दिलाता है कि मानवाधिकार सिर्फ कागज़ पर लिखे नियम नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की स्वतंत्रता,सुरक्षा और सम्मान की नींव हैं।

## मधुपुर में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, नशे के तस्करों में मचा हड़कंप, कई संदिग्ध हिरासत में



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** शहर में बढ़ते नशा-खुरानी और नशे के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए मधुपुर पुलिस ने बीती रात व्यापक अभियान चलाया। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्टेशन रोड,राजवाड़ी रोड,रेड क्रॉस मोड़, पत्थरचट्टी रोड, कुंडों बंगला रोड और झील तालाब क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी कर कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। सभी से पूछताछ जारी है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि शहर के अलग-अलग इलाकों में नशा-खुरानी गिरोह सक्रिय है और चरस, गांजा, अफीम तथा ब्राउन शुगर की खरीद-फरोख्त तेज़ी से हो रही है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अचानक दबिश बनाई, जिसके बाद अवैध कारोबार से जुड़े तत्वों में अफरा-तफरी मच गई। कई वर्षों बाद मधुपुर में इस तरह की सख्त और लगातार पुलिसिंग देखने को मिली है। अभियान के दौरान पुलिस की सक्रियता और तत्परता को लेकर आम लोगों में खूब चर्चा है। स्थानीय नागरिकों ने नए थाना प्रभारी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करेंगे और नशे के कारोबार पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

## देवघर में सड़क सुरक्षा अभियान तेज, नियम तोड़ने वालों को मिली चेतावनी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** सड़क हादसों पर अंकुश और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर सोमवार को शहर में विशेष अभियान चलाया गया। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर परिवहन विभाग व यातायात पुलिस की टीम ने आरएल शर्राफ स्कूल के एनसीसी कैडेटों के साथ संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम एवं एनसीसी छात्रों ने मुख्य चौक-चौराहों पर रुक कर राहगीरों को सुरक्षित यातायात के नियम समझाए। अभियान के फील्ड निरीक्षण में बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों, वाहन कागजात नहीं रखने वालों, ट्रिपल राइडिंग करने वाले युवाओं तथा तेज रफ्तार में बाइक चलाने वालों को रोका गया। वहीं चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट उपयोग नहीं करने वाले चालकों को भी समझाते हुए नियम पालन की नसीहत दी गई। नियम तोड़ने वालों को मौके पर ही सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम, हेलमेट व सीटबेल्ट के महत्व सहित यातायात कानूनों की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक कर दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

## अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**मधुपुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को शहर के कोर्ट मोड़ स्थित अम्बेडकर चौक में राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट की ओर से एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा ट्रस्ट ऑफ इंडिया के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद जियाउल हक उर्फ टार्जन का पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। ट्रस्ट के प्रदेश महासचिव मोहम्मद आलम ने कहा कि मानवाधिकार किसी भी लोकतांत्रिक समाज की नींव है, इसलिए हर व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा केवल सरकारी संस्थानों का काम नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# मधुपुर-सारठ जंगल में साइबर गिरोह का भंडाफोड़, 04 गिरफ्तार

### फोन पे कैशबैक के नाम पर ठगी करते थे आरोपी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के लिए चल रहे अभियान के तहत देवघर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। एसपी सौरभ के आदेश पर और पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के निर्देशन में पुलिस टीम ने सारठ थाना अंतर्गत पूरनी करहैया जंगल में छापामारी कर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। उक्त जानकारी साईबर थाना प्रभारी देवेश कुमार भगत ने प्रेस वार्ता कर दी, उन्होंने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल क्षेत्र में कुछ युवक फर्जी बैंक कस्टमर केयर और सरकारी योजना पदाधिकारी बनकर फोन कॉल के जरिए आम लोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने रणनीति बनाकर मौके पर छापामारी की और चार आरोपितों को पकड़ लिया। इनके पास से 08 मोबाइल फोन और 05 सिम कार्ड भी जब्त किए गए।

प्रारंभिक जांच के अनुसार गिरफ्तार आरोपी फोन पे और पेटीएम ग्राहक सहायता प्रतिनिधि का रूप धारण कर कैशबैक का झांसा देते थे। उपभोक्ता से फोन पे गिफ्ट कार्ड जनरेट करवा कर उसे रिडीम कर धन अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते थे। पुलिस ने यह भी बताया कि ये पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजकर अपडेट एवं किस्त जारी करने का बहाना बनाकर ठगी करते थे। इसके अतिरिक्त गिरोह एयरटेल पेमेंट बैंक अधिकारी बनकर ग्राहक का कार्ड ब्लॉक कर देने का भय दिखाता और सहायता के नाम पर पुनः चालू कराने के झांसे में रुपये ऐंठ लेता था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार किए गए आरोपित लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में भोले-भाले लोगों को निशाना बना रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में मेराज अंसारी (21 वर्ष), मनवर अंसारी (35 वर्ष) दोनों रघुनाथपुर थाना खागा, अलफाज अंसारी (23 वर्ष) ब्रहमसोली थाना पालाजोरी और साहिल अंसारी (18 वर्ष) रघुनाथपुर थाना खागा, देवघर के निवासी शामिल हैं।

## ई कल्याण छात्रवृत्ति का भुगतान ना होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : सुदामा



**मधुपुर ।** लंबे समय से ई कल्याण विभाग के माध्यम से दिए जाने वाले स्कालरशिप की राशि विद्यार्थियों को न मिलने पर अभाविप छात्र नेता सुदामा यादव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड राज्य में विद्यार्थियों के शिक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए कल्याण विभाग के माध्यम से मिलने वाली स्कॉलरशिप की राशि का भुगतान लंबे समय से ना होना कहीं न कहीं छात्रों को शिक्षा से वंचित रखने का प्रयास और उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। चुनाव से पूर्व वर्तमान सरकार के द्वारा कई वायदे छात्र हितों में किए गए परंतु वर्तमान समय में झारखंड राज्य के छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। विद्यार्थी लंबे समय से सभी कागजी प्रक्रिया को पूर्ण करके इस इंतजार में है कि आज नहीं तो कल उन्हें स्कॉलरशिप की राशि मिल जाएगी किन्तु अब उनकी आशा निराशा में परिवर्तित होते दिख रहा है।

## अनुमंडल अधिवक्ता संघ का चुनाव शुक्रवार को, तैयारी पूरी, 12 पदों के लिए 23 ने की दावेदारी

**मधुपुर :** अनुमंडल अधिवक्ता संघ, मधुपुर का चुनाव 12 दिसंबर शुक्रवार को होना है। चुनाव में कुल 12 पदों के लिए 23 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव पदाधिकारी सतीश चन्द्र मंडल, नागेश्वर भैया और पंचम राय द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव कराने की पूरी तैयारी किए हुए हैं। अनुमंडल अधिवक्ता संघ, मधुपुर के अध्यक्ष पद के लिए मुरारी प्रसाद सिंह व सुनील कुमार, उपाध्यक्ष पद के लिए विन्देश्वरी प्रसाद शाही व कौशल किशोर दूबे ने दावेदारी की है। महासचिव पद के लिए समीर कुमार यादव व श्याम सुंदर भैया ने दावेदारी जतायी है। कार्यकारिणी सदस्य के 5 पद के लिए चंद्र शेखर सिंह, दशरथ प्रसाद पाण्डेय, गणेश कुमार यादव, मो. सोहेल अख्तर अंसारी, मो.जिशान अंसारी, राजीव कुमार सिंह, सरोज कुमार कुशवाहा, उमेश प्रसाद शाही व उमेश प्रसाद सिंह ने दावेदारी की है।

## 'रामचरितमानस गीता ज्ञान यज्ञ' का आयोजन

**देवघर संताल एक्सप्रेस :** शहर के B.Ed कॉलेज मैदान में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के बैनर तले आयोजित होने वाले पांच दिवसीय 'रामचरितमानस गीता ज्ञान यज्ञ' को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान से आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी रघुनंदनानंद और साध्वी संजू भारती, शोभा भारती ने संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक क्बश्स्त्र कॉलेज मैदान में पांच दिवसीय 'रामचरितमानस गीता ज्ञान यज्ञ' का आयोजन किया जायेगा जिसमें आशुतोष महाराज जी के विद्वत शिष्य एवं शिष्यायें कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगी। साथ में संगीतज्ञ टोली भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। आगे स्वामी रघुनंदनानंद ने कहा कि शहर के कई प्रबुद्धजन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जोर शोर से लगे हुए हैं।

## महिलाएं व किशोरियों को किया गया जागरूक

**मधुपुर ।** अनुमंडल क्षेत्र के मारगोमुण्डा प्रखण्ड अंतर्गत खरजोरी गांव में जी एफ एफ के सौजन्य से स्वयं सेवी संस्था आश्रय ने बैठक किया इस बैठक में स्वयं सेवी संस्था आश्रय से मुस्कान प्रवीण ने उसे संविधान में मिलने वाले अधिकार के बारे में बिस्तर पुर्वक जानकारी दिया जिसमे स्वतं से जीवन जिने का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन का अधिकार सामील है।

उसके बाद स्वयं सेवी संस्था आश्रय से तमन्ना प्रवीण ने ग्रामीण महिलाएं व किशोरियों को का कि पढ़ाई पर पुरा ध्यान दें ताकि शिक्षित वनों और जब संविधान ने हम सब को पुरा अधिकार दिया है इस बैठक में आश्रय से सुमन कुमारी, आदर्श कुमार यादव, आदि उपस्थित थे।

# चन्दना झा बनीं झारखंड अंडर-19 महिला वनडे टीम की मैनेजर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** झारखंड क्रिकेट संघ की आजीवन सदस्य चन्दना झा को झारखंड अंडर-19 महिला वनडे टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से देवघर के खेल जगत में हर्ष और उत्साह का माहौल है। 20 सदस्यीय टीम आज रांची से एयर इंडिया एयरलाइन के जरिए हवाई मार्ग से लखनऊ के लिए रवाना होगी,जहां टूर्नामेंट के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। झारखंड टीम 13 दिसंबर को अपना पहला मैच जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेगी। टीम के पूल में चंडीगढ़, मुंबई, हिमाचल प्रदेश और हैदराबाद शामिल हैं। लीग चरण का अंतिम मुकाबला 21 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश के साथ निर्धारित है। यदि टीम क्वालीफाई करती है, तो 25 दिसंबर से पुणे में नॉक-आउट मुकाबले खेले जाएंगे। बताते चलें कि चन्दना झा इससे पहले भी अंडर-19 महिला टीम की मैनेजर के रूप में रायपुर दौरे पर जा चुकी हैं। उनकी निरंतर सक्रियता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पुनः यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि 'छोटे से क्षेत्र से महिलाएं बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं, यह हम सबके लिए गर्व की बात है।' देवघर के सभी खेल प्रेमियों ने भी चन्दना झा को शुभकामनाएँ दी हैं।

## सफाईकर्मी नारायण धपरा के निधन पर शोक



**देवघर ।** नगर निगम के दैनिक वेतनभोगी सफाईकर्मी नारायण धपरा के आकस्मिक निधन पर बुधवार को नगर निगम कार्यालय परिसर में शोक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने की। सभा के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर आयुक्त ने कहा कि नारायण धपरा एक कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ सफाईकर्मी थे। स्वच्छता व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। शोक सभा में निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इस कठिन समय में साथ बने रहने की बात कही।

## राष्ट्रीय वृद्ध स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राष्ट्रीय वृद्ध स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एनसीडी सेल,देवघर द्वारा मंगलवार को आईएमए हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी और जिला नोडल पदाधिकारी, एनसीडी सेल डॉ. मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार संपन्न हुआ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को वृद्धजनों की विशिष्ट स्वास्थ्य आवश्यकताओं, चुनौतियों और आधुनिक देखभाल पद्धतियों से अवगत कराना था, ताकि जिले में वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

।।कार्यालय।।
असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पाकुड़

ज्ञापांक................/पाकुड़, दिनांक .................

– कार्यालय सुचना –

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी पाकुड के कार्यालय विज्ञापन संख्या 02/2025, PR No. 366644 के द्वारा प्रकाशित आवश्यक दवा/सामग्री के क्रय हेतू दर निर्धारण के लिए प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है।

PR 368148 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पाकुड़

कार्यालय– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज।

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या-WRD/MID/SAHIBGANJ/B.D/S.L.I-05/2025-26 एवं पी0 आर0 न0- 366358 Minor Irrigation (25-26)#D के Date of Publication of Tender on website & Submission of Tender on Portal की तिथि– 27.11.2025 से 11.12.2025 तक के स्थान पर दिनांक– 15.12.2025 से 27.12.2025 तक पढ़ा जाय। निविदा खोलने की तिथि–12.12.2025 के स्थान पर दिनांक– 29.12.2025 पढ़ा जाय। निविदा की बाकी सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज।

PR 368170 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

कार्यालय- कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या-WRD/MID/SAHIBGANJ/B.D/S.L.I-01/2025-26 एवं पी0 आर0 न0- 366351 Minor Irrigation (25-26) D के Date of Publication of Tender on website & Submission of Tender on Portal की तिथि– 27.11.2025 से 11.12.2025 तक के स्थान पर दिनांक– 15.12.2025 से 27.12.2025 तक पढ़ा जाय। निविदा खोलने की तिथि–12.12.2025 के स्थान पर दिनांक– 29.12.2025 पढ़ा जाय। निविदा की बाकी सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

PR 368174 Minor Irrigation (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पाकुड़
समाहरणालय, विकास भवन, द्वितीय तल्ला, पाकुड़-816107
e-mail – pakur.mdm@gmail.com

(आवश्यक सूचना)

पेंशन अदालत से संबंधित सूचना

जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, पाकुड़ में पेंशन अदालत प्रत्येक माह के 15वीं तारीख को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। निर्धारित तिथि को अवकाश की स्थिति में अगली कार्यदिवस में निर्धारित की जाएगी।

जिला अन्तर्गत प्राथमिक/मध्य विद्यालय एवं प्रखण्ड कार्यालय अन्तर्गत सभी सेवा निवृत्त शिक्षक/शिक्षिका/कर्मियों का पेंशन से संबंधित लंबित/निष्पादित मामला यदि हो तो, तथा संबंधित सेवा निवृत्त/मृत कर्मी के आश्रित एवं उनसे संबंधित सभी अभिलेखो के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, पाकुड़ में निर्धारित तिथि को पेंशन अदालत में ससमय उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पाकुड़

PR 368159 Jharkhand Education Project Council (25-26)_D

GOVT. OF JHARKHAND
JHARKHAND FLYING INSTITUTE
CABINET SECRETARIAT AND VIGILANCE DEPARTMENT
(CIVIL AVIATION DIVISION)
STATE HANGAR, AIRPORT ROAD, HINOO, RANCHI

Ref.No.-Maintenance-DMB-11-2025/710, /Ranchi/Date-10.12.2025

GeM Procurement Notice

Cabinet Secretariat and Vigilance Department (Civil Aviation Division), Govt. of Jharkhand invites bid through GeM Portal for Housekeeping of Buildings/Hangar/Terminal/Helipad at Dumka Airport, Basukinath, Maluti & Hostel/Canteen of Flying Training Organization at Dumka. The details of tender can be seen in website gem.gov.in with GeM Bid Number-GEM/2025/B/6979628, Dtd.-09.12.2025. Interested bidder can submit their bid only through GeM Portal.

Sd/-
(Piyusha Shalina Dona Minz)
Under Secretary.

PR 368219 Civil Aviation(25-26).D

देवघर नगर निगम, देवघर।
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

चतुर्थघटक

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरीचतुर्थ घटक अंतर्गत किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना

निदेशक नगरीय प्रशासन निदेशालय नगरविकास एवं आवास विभाग झारखण्ड रांची के पत्रांक सं0 03 न0प्र0नि0/PMAY(U) /अंगीकार /264/2019 ...... 1509 दिनांक 11.11.2025 के माध्यम से प्राप्त आदेश के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी चतुर्थ घटक अन्तर्गत स्वीकृत लंबित पड़े आवासों को दिनांक 31.12.2025 के शीतरपूर्ण किया जाना है।

अतएव किस्त प्राप्त कर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले लाभुकों को सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा दिनांक 31.12.2025 के अन्दर अपने आवास का निर्माण अवश्य पूर्ण कर कार्यालय कोसूचितकरें। 01 जनवरी 2026 के बाद आवास पूर्ण करने की पूरी जिम्मेवारी लाभुक की होगी। उसे स्वयं के संसाधन से आवास निर्माण का कार्य पूर्ण करना होगा।नगर निगम/विभाग किसी भी प्रकार का भुगतान करने में असमर्थ होगा।

इसे अति महत्वपूर्ण समझें।

नगर आयुक्त सह प्रशासक,
देवघर नगर निगम, देवघर।

PR.NO.368220 Deoghar(25-26):D

## चोरी की वारदातों का अनुसंधान कर जल्द करें मामले का उद्भेदन- एसडीपीओ



साहिबगंज- सदर अनुमंडल पुलिस कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने बुधवार को मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की. मौजूद विभिन्न थाना प्रभारियों से कांडों की समीक्षा करते हुए कई जरूरी दिशा-निर्देश दिया.कई चोरी के मामलों के अनुसंधान व प्रगति की समीक्षा की.साथ ही चोरों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापामारी करने का निर्देश दिया. कहा कि चोरी मामले के उद्भेदन में किसी प्रकार की सुस्ती नहीं बरतें. चोरों को हर हाल में पकड़ कर सलाखों के पीछे पहुंचाएं. एसडीपीओ किशोर तिर्की ने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, वांछित अपराधियों व आरोपियों की गिरफ्तारी सहित अन्य दिशा-निर्देश दिया. एसडीपीओ ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को क्राइम कंट्रोल से संबंधित कई निर्देश दिये गये है. विशेष कर चोरी के कई मामलों के उद्भेदन व अन्य कांडों के निष्पादन पर जोर दिया गया है. क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए आपराधिक छवि वालों पर पैनी नजर रखने, सूचना तंत्र को विकसित करने, समय-समय पर एंटी क्राइम चेकिंग चलाने का निर्देश दिया गया है. कहा कि ठंड के मौसम में चोरी की घटना तथा अन्य आपराधिक गतिविधि की रोकथाम के लिए पुलिस मुस्तैद रहेंगे और रात्रि गश्ती पर विशेष ध्यान देंगे. मौके पर नगर पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार,व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

# सभी पेंशन योजनाओं में लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें:डीसी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - जिला समाहरणालय सभागार साहिबगंज में बुधवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई. इसके साथ ही जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक तथा जिला बाल संरक्षण इकाई / प्रयोजन एवं पालन-पोषण, देखभाल अनुमोदन समिति की मासिक बैठक भी संपन्न हुई. बैठक में डीबी ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, बाल संरक्षण से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण, लाभुकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने तथा संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये. उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को सभी योजनाओं की निगरानी को और मजबूत बनाने तथा फील्ड स्तर पर नियमित अनुश्रवण करने को कहा.उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सामाजिक सुरक्षा की सभी पेंशन योजनाओं में लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएं.जिला बाल संरक्षण इकाई बाल अधिकारों के मुद्दों पर सतत निगरानी रखे एवं जरूरतमंद बच्चों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराएं.बैठक में प्रस्तुत मामलों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेते हुए, बच्चों के सर्वोत्तम हित को सर्वोपरि रखा जाएं. बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला बाल परियोजना पदाधिकारी पूनम कुमारी संबंधित शाखाओं के पदाधिकारी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे.

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत् जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



साहिबगंज । सदर प्रखंड अंतर्गत नगर पालिका कन्या उच्च विद्यालय पुरानी साहिबगंज में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास के निर्देशानुसार मंथन संस्था, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) के सहयोग से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने की.कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, सुरक्षा, तथा आत्मनिर्भरता पर विशेष बल देना था. बच्चियों को आत्मरक्षा कौशल, कठिन परिस्थितियों में साहसपूर्वक खड़े होने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया.अध्यक्षता कर रही पूनम कुमारी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है. जिसे वर्ष 2015 में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, बालिकाओं की शिक्षा को सुदृढ़ करने तथा हानिकारक सामाजिक प्रथाओं को समाप्त करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था.कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, पोक्सो एक्ट, नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप, फोस्टर केयर, आफ्टर केयर, दत्तक ग्रहण प्रक्रिया, किशोर न्याय अधिनियम पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी.साथ ही बच्चियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया गया और बताया गया कि किसी भी साइबर संबंधी घटना की सूचना टोल-फ्री नंबर 1930 पर दी जा सकती है.इसके अतिरिक्त, मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी गईं, ताकि बच्चियां स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मविश्वासी रह सकें.

## एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर( पाकुड़ ) जिले के महेशपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत एक-दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बीडीओ डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव व जेआरएस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, पाकुड़ के केंद्र प्रबंधक राहुल कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के कम पढ़े-लिखे युवक-युवतियों, आंगनबाड़ी सेविका और जलसहियाओं को एक दिवसीय मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कर को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ना है। यह झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से क्या जा रहा है।डॉ. यादव ने कहा कि योजना के तहत 8वीं पास युवतियों और 10वीं पास युवकों का चयन कर विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित किया जाता है, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। प्रशिक्षण के प्रमुख कोर्स में स्विंग मशीन ऑपरेटर, फिटर फैब्रिकेशन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, ऑटोमोटिव वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर और सोलर पीवी इंस्टॉलर शामिल हैं। सभी प्रशिक्षण निःशुल्क हैं और चयनित उम्मीदवारों को यात्रा तथा रोजगार प्रोत्साहन भत्ता भी प्रदान किया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका,

## मंडल कारा में जागरूकता अभियान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता - झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के अखिल कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मंडल कारा, साहिबगंज, विभिन्न विद्यालयों, पंचायतों सहित जिले भर में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया. प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया मानवाधिकार, हमारे रोजमर्रा के आवश्यक तत्व है. जिसका उद्देश्य लोगों को यह याद दिलाना है कि मानवाधिकार केवल कानूनी अवधारणाएं नहीं. बल्कि हमारे दैनिक जीवन के अभिन्न अंग हैं. जैसे कि सुरक्षित आवास, भोजन, शिक्षा और गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार. उन्होंने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर और हाशिए पर रहने वाले लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक होना चाहिए ताकि वे अन्याय, शोषण और भेदभाव से खुद को बचा सकें. श्री भगत ने जोर देकर कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय से वंचित न किया जाएं.

## जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएं: डीसी

### फिजिओथेरेपी वार्ड को एक सप्ताह में चालू करें



साहिबगंज - जिला समाहरणालय सभागार में बुधवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक हुई .बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं– मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन एवं अनुसंरक्षण योजना तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई.बैठक के दौरान डीसी ने उधवा सीएचओ को नए भवन में अविलंब शिफ्ट करने तथा नए एमओआईसी का प्रभार सौंपने हेतु आवश्यक निर्देश दिए,सदर अस्पताल में ओपीडी संचालन को और अधिक सुचारू बनाने के साथ-साथ उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर के पूर्ण उपयोग पर बल दिया,फिजियोथैरेपी वार्ड को एक सप्ताह के भीतर संचालित करने का निर्देश दिया गया, एसएनसीयू वार्ड में बेड की संख्या बढ़ाने हेतु सिविल सर्जन को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया.डीसी ने सभी स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत् सभी अस्पताल स्वच्छता, रोगी-सुविधा, बायो-मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता के मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करें.बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे. बैठक के अंत में डीसी ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।श. सभी योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएं.

## राष्ट्रीय मानवधिकार दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



साहिबगंज-मानवाधिकार दिवस पर मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग साहिबगंज महाविद्यालय, साहिबगंज द्वारा विचार संगोष्ठी भाषण, क्विज व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रिजवी ने की.प्राचार्य डॉ रिजवी ने मानवाधिकारों की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार से सीखी गई अच्छी बातें ही आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में सहायक बनती है. राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा ही एक नागरिक के तौर पर हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि हमारी आजादी सिर्फ वहीं तक है जहां से दूसरों की आजादी शुरू होती है. महाविद्यालय के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार ने इस मौके पर छात्रों से यह अपील की कि संविधान सिर्फ हमें अधिकार ही नहीं देता बल्कि हमसे कुछ कर्तव्यों की अपेक्षा भी रखता है.वही राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ कसमुदीन अंसारी, डॉ मेघा और डॉ क्रिस्टीना ने भी सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र पर अपने अपने विचार रखे.

## पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवानों का मेडिकल टीम ने की शारीरिक स्वास्थ्य जांच



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान के द्वारा गठित मेडिकल टीम द्वारा पुलिस लाइन में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस जवान के मानसिक स्वास्थ्य के साथ साथ शारीरिक स्वास्थ्य की जांच की गई.सभी की काउंसलिंग एवं स्क्रीनिंग की गई . कर्मचारियों के क आ कि पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हर प्रकार से सहयोग करते रहें है .एसपी का मित्रवत व्यवहार से साहिबगंज जिला के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी अत्यंत उत्साहित रहते है. इसी कारण जिला पुलिस बिना दबाव के सभी कार्य को अत्यंत कुशलता से अंजाम तक पहुंचा रही है .आज साहिबगंज पुलिस ,पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बेहतर कार्य कर आम जानता का विश्वास हासिल कर चुकी है. तकनीकी रूप से सशक्त होकर पुलिस अपने कमियों को दूर कर चुकी है.

## छात्र-छात्राओं को दी गई मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्व की जानकारी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

राजमहल- राजमहल प्रखंड क्षेत्र के कसवा पंचायत अंतर्गत पीएमश्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय मंगलहाट में बुधवार को साहिबगंज जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा प्रमोद एक्का के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025/26 विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र साहिबगंज के वैज्ञानिक कृषि अभियंता डॉ अशोक कुमार सिन्हा द्वारा मिट्टी में पाए जाने वाले पोषक तत्व, राईजोवियम कल्चर से खेती, ऑक्सीजन, कार्बन, वायु और जल से हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, मिट्टी में पोटाश, कैल्शियम, मैग्नीशियम, गंधक, सुक्ष्म पोषक तत्व, लोहा, तांबा, जस्ता, मैगजीन, बोरेन, मौलीबिडेनम, क्लोरीन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया. साथ ही कोऑर्डिनेटर स्कूल मृदा स्वास्थ्य कार्ड सह प्रखंड तकनिकी प्रबंधक कंचन कुमार सुमन द्वारा स्कूल के बच्चों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड स्कूल का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कैसे करें. विद्यार्थियों का बैच बनाना खेतों की मिट्टी को संग्रह कर मिट्टी जांच कैसे करें. ताकि फसलों में उर्वरक शक्ति बना रहे. मृदा स्वास्थ्य ऐप के माध्यम से मिट्टी को संग्रह कैसे किया जाए इसकी विस्तृत जानकारी दी गयी. साथ ही साथ फील्ड मे जाकर ऐप के माध्यम से मिट्टी नमूना संग्रह प्रशिक्षण कर बताया गया. राजमहल प्रखंड आत्मा के प्रखंड तकनिकी प्रबंधक संजय कृष्ण रंजन, रूबी खातून, प्रवीण कुमार के द्वारा मिट्टी का उठाव कब किया जाए, कैसे किया जाए, कितनी जगह से मिट्टी नमूना लिया जाए, उसकी लंबाई चौड़ाई ओर गहराई के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी. मृदा स्वास्थ्य जांच हेतू विद्यालय में पहुंचकर बच्चों के बीच जानकारी देना अर्थात हमारी वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पौष्टिकता से भरपूर खाद्य पदार्थ प्राप्त हो सके और अनेकों प्रकार के बीमारियों से बचा जा सके, बच्चे देश के भविष्य है. इसलिए बच्चे अपने स्कूल के लैब में माटी स्वास्थ्य जांच कर पता लगायेंगें की मिट्टी में कौन सा तत्व की कमी है. या अधिकतम उससे फसल लगाने में महत्वपूर्ण जानकारी किसानों को प्रदान की जा सकती है.

## युवक पर शादीशुदा महिला का रास्ता रोककर जबरन पकड़ने का आरोप, महिला ने थाने में दी शिकायत

बरहरवा -कोटालपोखर थाना क्षेत्र के जीवपुर रोड निवासी सीमा कुमारी उम्र 21 वर्ष ने थाने में लिखित आवेदन देकर एक युवक पर गंभीर आरोप लगाई हैं. महिला ने बताया कि वह 30 नवंबर 2025 की शाम लगभग 6÷30 बजे अपने पुराने घर से नए घर जीवपुर लौट रही थीं तभी उसी गांव के राजा उर्फ राजू उम्र 29 वर्ष पिता अकबर अली ग्राम-कोटालपोखर ने उनका रास्ता रोक लिया.आवेदन में महिला ने कही है कि आरोपी युवक ने रास्ता रोककर उन्हें जबरन पकड़ने की कोशिश की और अभद्र व्यवहार किया. इसके बाद वह किसी तरह वहां से निकलकर अपने घर पहुंच गईं और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी.महिला के अनुसार मामले को सामाजिक स्तर पर उठाया गया और पंचायत में फैसला भी किया गया. लेकिन आरोपी पंचायत के फैसले के दिन उपस्थित नहीं हुआ. जिसके कारण मामला अनसुलझा रह गया. महिला ने दावा किया कि आरोपी द्वारा ऐसी हरकत पहली बार नहीं बल्कि पहले भी कई बार की जा चुकी है. जिसे लेकर वह लगातार परेशान रही हैं.आवेदन में उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि यदि उस दिन कोई अनहोनी होती. तो इसकी पूरी जिम्मेदारी आरोपी युवक की होती.महिला ने पुलिस प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है. आवेदन पर ग्रामीण महिलाओं सहित अन्य लोगों के भी हस्ताक्षर मौजूद हैं.

## बाल कवियों का चयन प्रतियोगिता आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- 20 व 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में स्थानीय स्कूली बच्चों को शामिल करने को लेकर मंगलवार को चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.प्रतियोगिता में साहिबगंज के यमुनादास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया, जवाहर नवोदय विद्यालय, पीएम श्री नगरपालिका कन्या उच्च विद्यालय, शिबूसोरेन जनजातीय महाविद्यालय, पब्लिक उच्च विद्यालय, रेलवे स्कूल, राजस्थान उच्च विद्यालय, राजस्थान मध्य विद्यालय एनआरपी सेंटर सहित अन्य विद्यालयों के 69 बाल कवियों ने भाग लिया. सभी बाल कवियों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई. जिसमें सबसे बेहतर लेखन व वाचन करने वाले बाल कवियों का चयन किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में जिले के लब्ध प्राप्त कवि अनिरुद्ध प्रभाष, मंच के महासचिव सह कार्यक्रम संयोजक सुधीर श्रीवास्तव एवं आनंद मोदी ने भूमिका अदा की. इसकी जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति के आधार पर चयन किया जाएगा और चयनित बाल कवियों को 20 और 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तुति देने का अवसर प्राप्त होगा.

## अंडर -16 : क्रिकेट लीग-संत जेवियर स्कूल ए ने 5 विकेट से जीता मैच

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर -16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत बुधवार को संत जेवियर स्कूल बनाम पोखरिया पैंथर्स के बीच मैच खेला गया. पोखरिया पैंथर्स की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 16.3 ओवर में 124 रन बना कर ऑल आउट हो गई.कुणाल यादव ने 26, पीयूष यादव ने 29 व कुश कुमार ने 13 रन की पारी खेली. संत जेवियर स्कूल के गेंदबाज सूरज राज ने 4 व आदित्य यादव ने 2 विकेट लिए.जवाब में बल्लेबाजी करते हुए 13.4 ओवर में 5 विकेट ले नुकसान पर 126 रन बना कर 5 विकेट से मैच जीत लिया. आदित्य यादव ने 27, शांतनु ने 28, आदित्य यादव ने नाबाद 22 रन की पारी खेली. पोखरिया पैंथर्स के गेंदबाज सत्यम ने 3 व पीयूष ने 2 विकेट लिए। संत जेवियर के खिलाड़ी सूरज राज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया. मुख्य अतिथि एनआईएस कोच योगेश यादव ने सूरज को मैन ऑफ़ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया. मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व चंदन यादव एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया. टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 11 दिसंबर को टूर्नामेंट का पहला सेमी फाइनल माही स्पोर्ट्स येलो बनाम संत जेवियर स्कूल बी के बीच मैच खेला जाएगा

## अलग-अलग मामले में दो अभियुक्तों को भेजा गया जेल

राजमहल - राजमहल थाना क्षेत्र के अलग-अलग मामले के प्राथमिकी अभियुक्त को बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया. मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक का अपहरण के मामले में थाना कांड संख्या 386/25 के प्राथमिकी अभियुक्त सुमित मंडल उम्र 22 वर्ष पिता उत्तम मंडल साकिन निरबाध थाना महेशपुर, जिला पाकुड़ को गुजरात राज्य के जिला बलसाड़, थाना जी.आई.डी.सी वापी से विधिवत गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड कर राजमहल थाना लाया गया एवं आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है. एवं नाबालिक अपहर्ता को सकुशल बरामद किया गया है. एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है. वहीं न्यायालय राजमहल से निर्गत जी.आर. 481/21 के वारंटी मिथुन मंडल उम्र 33 वर्ष पिता स्व निमाई मंडल साकिम चायटोला थाना राजमहल, जिला साहिबगंज को विधिवत्त गिरफ्तार कर न्यायालय के अभिरक्षा में भेजा गया.

## राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द होगा दंत रोगियों का इलाज

राजमहल - राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में दंत रोगियों को जल्द इलाज की सुविधा मिलेगी. मिली जानकारी के अनुसार अनुमंडलीय अस्पताल में मंगलवार को बीडीएस डॉक्टर नाजिश अहमद ने पदभार ग्रहण किया है. डिजिटल डेंटल चेयर सेटअप मशीन पहले ही लगाया गया था. बाकी उसके बचे काम बुधवार को किया गया. बताया जाता है कि क्षेत्र के लोगों को काफी दिनों से दांतों के इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता पड़ती थी. क्योंकि इस क्षेत्र में दांतों का डॉक्टर एवं दांतों का डिजिटल मशीन नहीं था. जिसके कारण नलहाटी, मालदा, भागलपुर, साहिबगंज सहित अन्य क्षेत्र में दांतों मरीजों की इलाज के लिए जाना पड़ता था.

## लोहे की रड से मारकर किया गंभीर रूप से घायल

साहिबगंज - साहिबगंज मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल व्यक्ति को मंगलवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा है कि बाखरपुर थाना क्षेत्र निवासी रामसेवक यादव के 38 वर्षीय पुत्र सुरेमन कुमार यादव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल सुरेमन कुमार यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि हम बैंक से लोन लिए थे.इसी सिलसिले में मिर्जाचौकी से कहलगांव अंतिचक गए थे. मैनेजर साहब बुलाए हुए थे और पैसे देने के लिए. हम टोटो चालक है. वहां से आने के बाद मिर्जाचौकी जब पहुंचा तो बाखरपुर निवासी विक्की यादव उनकी तीन भाई है. विक्की यादव जो कि टेंपु चालक है. हमें बोलने लगा कि अभी तुम्हारा नंबर नहीं आया है. इस बात को लेकर गाड़ी से रड निकाल कर मिर्जाचौकी मंदिर के समीप मुझे बेहरमी से मरने लगा इस घटना में मेरे दोनों पाव जख्मी हो गया.बरहाल घायल का इलाज डॉक्टर के देखरेख में सदर अस्पताल में किया गया .

## बिजली आपूर्ति को लेकर केबल तार व मिस्त्री की मांग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता उधवा- उधवा प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत किसटोपुर गांव में ट्रांसफार्मर के जल जाने को लेकर उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग को आवेदन देकर बिजली आपूर्ति की मांग की है. जानकारी के अनुसार विद्युत अवर प्रमंडल राजमहल को दिए गए आवेदन में बिक्रम मंडल, मिथुन मंडल, प्रदीप मंडल,गंगाधर मंडल, इंद्रजीत मंडल आदि उपभोक्ताओं ने बताया है कि किसटोपुर गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई है. उन्होंने आगे बताया कि गांव में वर्तमान में तीन ट्रांसफार्मर लगा हुआ है. उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए तत्काल किसी एक ट्रांसफार्मर से केबिल तार और मिस्त्री को आदेश दी जाएं.वही उपभोक्ताओं ने शीघ्र ही बिजली आपूर्ति को लेकर केबल तार मिस्त्री की मांग की है.

## बरहरवा के हरिजन पाड़ा में पानी की पाइप लाइन बिछाने से वार्डवासियों में खुशी की लहर

बरहरवा-मंगल दिवस के उपरांत जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने अपने सहयोगियों के साथ बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार से मुलाक़ात कर नगर की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया था. उनके निर्देश के फलस्वरूप नगर पंचायत की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मंगलवार को वार्ड संख्या 03 के हरिजन पाड़ा में पप्पू दुबे के घर के पास से हनुमान मंदिर होते हुए अर्जुन रविदास के घर तक नई पानी की पाइपलाइन बिछाई. इस कार्य में निताय सरकार ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए सभी पाइपों और नलों को सही तरीके से लगवाया तथा 100 फीट पाइप कम मिलने पर नाराजगी भी जताई. मामले की जानकारी मिलने पर बरकत खान ने स्वयं स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और नगर पंचायत के पदाधिकारियों से फोन पर वार्तालाप कर शेष बचे क्षेत्रों में भी पाइप लाइन लगाने का निर्देश दिया.इस त्वरित कार्यवाही से वार्डवासियों में खुशी का माहौल बन गया और लोगों ने जिला अध्यक्ष बरकत खान का आभार व्यक्त किया.मौके पर सूरज रविदास, रवि कुमार, विक्रम रविदास, मानिक रविदास, अर्जुन रविदास, सन्नी रविदास सहित कई वार्डवासी मौजूद थे.

## राजमहल ग्रामीण पेयजलापूर्ति कार्यालय के भवन का निर्माण कर स्थाई सहायक अभियंता का हो पदस्थापन- विधायक

साहिबगंज - राजमहल विधायक एमटी राजा ने राजमहल पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल के अंतर्गत राजमहल व उधवा के पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं राजमहल स्थित कार्यालय को पर्याप्त मानव संसाधन एवं संसाधन के साथ सुचारू रूप से संचालित करने की मांग विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से रखा. उन्होंने सदन में कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता और प्रमंडल कार्यालय राजमहल का भवन जर्जर है. विभाग के माध्यम से कार्यालय में सृजित सहायक अभियंता का पद रिक्त में है और प्रभार में चल रहा है. साथ ही अन्य मानव संसाधन कर्मचारियों की भी कमी है. राजमहल एवं उधवा के 49 पंचायत क्षेत्र के लाखों की आबादी के लिए पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करना प्राथमिकता है. जिसके लिए राजमहल अवर प्रमंडल कार्यालय को सुचारू रूप से संचालित होना अति आवश्यक है. कार्यालय के नियमित संचालन होने से पंचायत में पेयजल की विधि व्यवस्था का नियमित देखरेख हो सकेगा. प्रश्न के उत्तर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन के माध्यम से अवगत कराया है कि भवन का निर्माण जल्द कराया जाएगा. जिसका निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दे दी गई है. वहीं राज्य में सहायक अभियंता आवश्यकता के अनुरूप काम है इसलिए प्रभारी पदाधिकारी से कार्य लिया जा रहा है. सभी पंचायत के नियमित मॉनिटरिंग का भी निर्देश दिया गया है.

## सड़क निर्माण को मिली 61.57 करोड़ की स्वीकृति, विधायक के प्रयास ने लाया रंग

संताल एक्सप्रेस संवाददाता बरहरवा -पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात मिली है.लंबे समय से जर्जर पड़ी दिघ?घी मोड़-मालिन गांव-रिसौड़ मोड़ सड़क के निर्माण को झारखंड कैबिनेट ने 61 करोड़ 57 लाख 55 हजार 800 रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है. यह पूरा कार्य विधायक निसात आलम की पहल और निरंतर प्रयास का परिणाम है. विधायक ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने इस सड़क की बदतर स्थिति की शिकायत की थी. छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही बढ़ने से ग्रामीण सड़क पर लगातार परेशानी हो रही थी. इस कारण उन्होंने सड़क के निर्माण एवं चौड़ीकरण को लेकर पथ निर्माण विभाग को पत्र लिखा था.सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में हस्तांतरित किया और कैबिनेट से स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई. अब टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भू-अर्जन कार्य शुरू होगा और उम्मीद है कि अगले वर्ष सड़क निर्माण कार्य औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगा. विधायक निसात आलम ने विश्वास जताया कि सड़क बनने के बाद अब छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन बरहरवा बाजार और हाई स्कूल मोड़ से हटकर रिसौड़ होकर पश्चिम बंगाल की तरफ जाएगा. इससे बरहरवा बाजार में लगने वाले जाम में भारी कमी आएगी और स्थानीय व्यवसायियों व राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी.


पूर्व मध्य रेल

खुला ठिका

बैस संख्या-10/2025, माहितः 08/12/2025

आईआरईपीएस www.ireps.gov.in रेयाक् वेब पोर्टल ''पार्टिसिपेशन इनथ्रू'' जिनिस बेबोसताय लागित् ई-ठिका खोबोर। लातार रेओलाकान जिनिसको बेबोसताय बाखरा दारखास नेवतायेत् काना। ठिकाबोंदोक् रेयाक् सोमोय दो 14.00 बजे काना:- (1) ठिका सं.:30255248, जिनिसको रेयाक् हुडिञ बानाडाय: रूफ मौटेड एयरकंडिशनिंग सिस्टम विदाउट ''ट्रौ'' टू स्पेकन नंबर, आरडिएसओ/2007/ईल/स्पेकन/0055, रिवियू 2 ऑर लेटैस्ट (01 सेट = 02 नंबर्स)ईच सेट। कनर्सिसटिंग ऑफ 02 यूनिट्स ऑफ कैब एसी.., मात्राः 160सेट्स, ठिका जारीक् रेयाक् तारीक आर सोमोय: 06 दिस बर2025 10:43 बजे, ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय: 08जनवरी 2026 14:00 बजे, आरदासियाको दो आपनार दारखास मुचादोक्तारीक आर सोमोय खोन लाहा आईआरईपीएस- www.ireps.gov.in रेयाक् वेब पोर्टल दाराय ते ठिका खोबोर रे प्रेषिती बाबोत रे एमान तेयाक् बानाडाय आर भंडार रेयाक् पुराउ बानाडाय दो कागोच् रे बेबोसतावाकान मेनाक्आ।

सहायक सामग्री प्रबंधक (क. च. स्टॉक)
ने. सु. स. बोस. जं. गोमोह, पूर्व मध्य रेल

पीआर/1426/जीएमओ,सीएसडी/एसटीआरई/टी/25-26/28


## ई रिक्शा के टक्कर से एक व्यक्ति घायल

साहिबगंज- नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल व्यक्ति को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया.जहां चिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार ने घायल वृद्ध व्यक्ति का इलाज प्रारंभ कर दिया. बताया जा रहा है कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर दहला निवासी 70 वर्षीय बच्चू मियां अपनी बेटी के ससुराल गुल्लीभट्ठा से आ रहा था. इस दौरान ई रिक्शा चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया. बच्चू मियां गंभीर रूप से घायल हो गया.

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

साहिबगंज- जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के शांति नगर घोघी निवासी जगदीश मंडल उम्र 45 वर्ष की मौत सतपुलवा रेल पुल के पास किसी ट्रेन की चपेट में आने से हो गई. मिली जानकारी के अनुसार मृतक जगदीश मंडल मजदूरी का काम करता था.वह मंगलवार की सुबह अपने घर वालों को काम पर जाने की बात कहकर निकला था और देर रात तक वापस अपने घर नहीं लौटा. उधर जब देर रात तक जब मृतक अपने घर वापस लौटकर नहीं आया तो परिजन परेशान हो गए और उसकी तलाश में जुट गए. जिसका कोई अता-पता नहीं चला. उधर बुधवार की सुबह जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने मृतक व्यक्ति के परिजनों को उसका शव सतपुलवा रेल पुल के पास देखे जाने की जानकारी दी. जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर शव की पहचान की. जहां पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया.

## लोहे की रड से मारकर किया गंभीर रूप से घायल


साहिबगंज - साहिबगंज मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल व्यक्ति को मंगलवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा है कि बाखरपुर थाना क्षेत्र निवासी रामसेवक यादव के 38 वर्षीय पुत्र सुरेमन कुमार यादव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. घायल सुरेमन कुमार यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि हम बैंक से लोन लिए थे.इसी सिलसिले में मिर्जाचौकी से कहलगांव अंतिचक गए थे. मैनेजर साहब बुलाए हुए थे और पैसे देने के लिए. हम टोटो चालक है. वहां से आने के बाद मिर्जाचौकी जब पहुंचा तो बाखरपुर निवासी विक्की यादव उनकी तीन भाई है. विक्की यादव जो कि टेंपु चालक है. हमें बोलने लगा कि अभी तुम्हारा नंबर नहीं आया है. इस बात को लेकर गाड़ी से रड निकाल कर मिर्जाचौकी मंदिर के समीप मुझे


## बाइक दुर्घटना में डॉक्टर सहित दो गंभीर रूप से घायल

बरहरवा - बरहरवा थाना क्षेत्र के बरहरवा-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर मंगलवार देर शाम हुई एक भीषण मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की पहचान अंधारकोठा, श्रीकुंड निवासी डॉ. आलमगीर आलम और भवानीपुर, पाकुड़ निवासी अब्दुल रहीम उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है.मिलीजानकारी के अनुसार दोनों गुमानी से बरहरवा मालदा इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़ने मोटरसाइकिल डब्लूबी 94 एम 4821 से निकल रहे थे. इसी दौरान महाराजपुर लिंक कैबिन के पास अचानक उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई. हुई दुर्घटना में दोनों के सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं. सूचना मिलते ही बरहरवा थाना के एएसआई अविनाश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा ले जाया गया. जहाँ ड्यूटी पर तैनात डॉ. सोहेल अनवर ने प्राथमिक उपचार किया. गंभीर हालत देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. दुर्घटना कैसे हुई इसका अभी तक स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है.

## एड्स जागरूकता का महाअभियान, उमड़ी भीड़



**दुमका ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के निर्देश पर बुधवार को जिलेभर में एचआईवी,एड्स की रोकथाम को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, सुधांशु कुमार शशि के मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष अभियान में पारा लीगल वॉलंटियर्स की टीम ने अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को जागरूक किया। फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत कई प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों, परामर्शदाताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने एचआईवी संक्रमण के फैलने और न फैलने के कारणों पर विस्तृत जानकारी दी।

## मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**दुमका ।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर दुमका में केंद्रीय कारा, पुलिस स्टेशन, शिक्षण संस्थान और पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधांशु कुमार शशि के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम में लोगों को मानवाधिकारों के महत्व के बारे में बताया गया। बताया गया कि ये अधिकार व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और प्रतिष्ठा से जुड़े हैं और भारतीय संविधान के मूलभूत अधिकारों में सुरक्षा प्राप्त हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों पर जोर दिया गया। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम के तहत महिलाओं के सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

## प्रेरणा शाखा द्वारा गौ सेवा एवं सम्मान समारोह



**दुमका ।** मारवाड़ी युवा मंच, प्रेरणा शाखा, दुमका के सदस्यों ने श्री श्री 108 गौशाला में बुधवार को गौ सेवा का आयोजन किया। कार्यक्रम में शाखा के सदस्य उत्साहपूर्वक गायों को चारा खिलाते और उनकी देखभाल करते हुए दिखाई दिए। इस अवसर पर रेखा दारुका ने विशेष रूप से 81 किलो गुड़ दान किया, जो गायों के पोषण में सहायक होगा। प्रांतीय कार्यक्रम के तहत समर्पित गौ सेवक सोनत को उनकी निरंतर गौ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध समाज सेवक जतिन कुमार को उनके सराहनीय कार्यों के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संरक्षिका रिंकू मोदी, शालिनी कोठरीवाल, बरखा मित्तल, और सदस्य पूजा मोदी, नीतू मोदी, रेखा दारुका, श्रुति नारनली सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## मोहल्ला शिक्षा अभियान के स्वयंसेवकों का सम्मान



**रामगढ़ (दुमका)।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को पिरामल फ़ाउंडेशन के मोहल्ला शिक्षा अभियान से जुड़े स्वयंसेवकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी करुणा रानी मंडल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष रंजन और पिरामल फ़ाउंडेशन की टीम ने युवाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा। अभियान के तहत पंचायतों में प्रतिदिन 1-1.5 घंटे की कक्षाएँ संचालित होती हैं, जिनमें युवा स्वयंसेवक बच्चों को निःशुल्क पढ़ाते हैं। इसके परिणामस्वरूप बच्चों में सीखने की उत्सुकता बढ़ी है और गणना, संख्या पहचान जैसे बुनियादी कौशल में सुधार देखा गया है। आजीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी भी इस पहल को मजबूत कर रही है। सम्मान समारोह में धोबा, महुबना, अमरापहाड़ी, डांडो और बड़ी रंनबहियार के स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। बीडीओ ने कहा कि यह पहल प्रखंड के लिए प्रेरणास्पद है और इसे और पंचायतों में विस्तारित किया जाना चाहिए।

## भालका आंगनबाड़ी की नई सेविका बनीं कविता



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के कोलारकोंदा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय भालका परिसर में बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र भालका की सेविका चयन को लेकर एक आमसभा आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रंजन कुमार यादव ने की। इस दौरान मुख्य रूप से सुपरवाइजर रेखा देवी, पंचायत के मुखिया उकिल मुर्मू, ग्राम प्रधान राधारंजन टुडू, शिक्षक जयमोहन सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। आमसभा में पोषक क्षेत्र की कुल पाँच आवेदिकाओं ने अपने-अपने कागजात चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किए। सुपरवाइजर रेखा देवी से मिली जानकारी के अनुसार आवेदिकाओं को प्राप्त अंकों के आधार पर सुनीता मुर्मू पति राजू टुडू को 15 अंक, कविता सोरेन पति राजेश हेंब्रम को 22 अंक, अनिशा मुर्मू पति सपन सोरेन को 18 अंक तथा मोनिका मरांडी पति सीवन सोरेन को 10 अंक दिए गए।

## थाना परिसर में लगा विधिक सेवा प्राधिकार शिविर

**जरमुंडी ।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर तालझारी थाना परिसर में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार नागरिकों को मौलिक अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी दी गई। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर विजय कुमार द्वारा ग्रामीणों को मानवाधिकार से जुड़ी बातें बताई गई एवं मौलिक अधिकार के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। पीएलवी मुकेश कुमार ने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति किसी को मौलिक अधिकार से वंचित करता है तो वह अपने अधिकार के लिए प्रशासन से जुड़े पदाधिकारी के समक्ष जा सकता है। इस मौके पर गौरव पाठक, पूनम कुमारी, अमित कुमार, भारत मलिक, शिबू टुडू, ममता कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बेलबुनी ग्राम प्रधानों का मानदेय रुका

**रानीश्वर (दुमका) ।** पांच महीने से मानदेय नहीं मिलने से बेलबुनी मौजा के पारंपरिक ग्राम प्रधानों में गुस्सा और नाराजगी बढ़ गई है। लेखाहोड़, नायकी, जगमाझी और गुड़ीत सहित कई पदाधिकारी अब सीधे उपायुक्त अभिजीत सिन्हा से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। शिकायत में कहा गया है कि अंचल अधिकारी ने ग्राम प्रधान मंटू टुडू के मौखिक आदेश पर उनके मानदेय का भुगतान रोक रखा है। आरोप है कि मंटू टुडू ने संथाल परगना काश्तकारी कानून (एसपीटी एक्ट) की अनदेखी करते हुए प्रधानी जोत की जमीन अवैध रूप से गांव के एक पारा शिक्षक को हस्तांतरित कर दी। 16 आना रैयतों और लेखाहोड़ों ने अनुमंडल न्यायालय में पीडी केस 02/2024-25 दर्ज कराया। जांच रिपोर्ट में अवैध हस्तांतरण की पुष्टि हुई, लेकिन एक साल से अधिक समय बीतने के बावजूद दोषी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## गोपीकांदर में महिलाओं को जल जांच प्रशिक्षण

**दुमका।** प्रखंड गोपीकांदर में जल जीवन मिशन के तहत सभी जलसहियाओं के लिए एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यपालक अभियंता रमेश कुमार लोहरा और प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी ने किया। प्रशिक्षण में जल गुणवत्ता और निगरानी पर जोर दिया गया। जलसहियाएं एफटीके किट से अपने गांव के जल स्रोतों का परीक्षण करेंगी और प्रत्येक गांव में पांच महिलाओं को जल जांच करना सिखाएंगी। परिणाम डब्लूक्यूएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। क्वालिटी मैनेजर किरण कुमारी ने पीएच, टरबीडिटी, कठोरता, क्लोराइड, नाइट्रेट, फास्फेट आदि पैरामीटर का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रखंड समन्वयक प्रेमलता बास्की, कनिष्ठ अभियंता विवेक कुमार और मानिक इंडियन ट्रस्ट के संदीप कुमार भी उपस्थित रहे।

# डीसी ने किया बाल एवं वृद्ध संस्थानों का औचक निरीक्षण



**संवाददाता**

**दुमका ।** जिला उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को दुमका में रिमांड होम, वृद्धाश्रम, मूकबधिर एवं नेत्रहीन विद्यालय और बाल गृह बालक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थानों में सुविधाओं, बच्चों और वृद्धजनों की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश जारी किए। वृद्धाश्रम में उपायुक्त ने निवासियों से मुलाकात कर उनकी सुविधाओं का जायजा लिया, हेल्थ कैंप का निरीक्षण किया और कंबल व शॉल वितरित किए। उन्होंने पानी की समस्या का तत्काल समाधान कराने के निर्देश भी दिए। मूकबधिर विद्यालय में शिक्षण पद्धति, कक्षाओं और स्वच्छता का निरीक्षण किया। बच्चों को बेहतर सीखने के लिए साइन लैंग्वेज सामग्री लगाने और उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। रिमांड होम में सुरक्षा और बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों पर विशेष ध्यान देने का आदेश दिया। नेत्रहीन विद्यालय में बच्चों के आवासन, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। बच्चों को स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक वितरित की गई और पानी की समस्या के लिए बोरिंग कराने के निर्देश दिए। बाल गृह बालक का निरीक्षण करते हुए बच्चों के नामांकन, आधार कार्ड निर्माण और पढ़ाई के स्तर को ऊँचा रखने के लिए उपायुक्त ने निर्देश जारी किए।

## 79 हजार से अधिक छात्रों को मिलेगी प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति

**दुमका ।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को हुई एक अहम बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय समिति ने प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 79,166 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति राशि के भुगतान की स्वीकृति दे दी है। यह कदम सुनिश्चित करेगा कि पात्र विद्यार्थियों को समय पर वित्तीय सहायता मिल सके।

बैठक में बताया गया कि बड़ी संख्या में आवेदनों को मंजूरी मिल गई है, जबकि शेष छात्रों के आवेदन वर्तमान में स्वीकृति प्रक्रिया के अधीन हैं।

उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ई-कल्याण पोर्टल पर लंबित सभी आवेदनों का सत्यापन संबंधित स्कूलों के संस्थान नोडल अधिकारियों द्वारा बिना किसी देरी के जल्द से जल्द पूरा किया जाए। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए, 1,10,654 छात्रों का सत्यापन पहले ही सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

श्री सिन्हा ने जोर दिया कि समय पर सत्यापन और स्वीकृति प्रक्रिया पूरी होने से छात्रों को छात्रवृत्ति राशि मिलने में कोई विलंब नहीं होगा, जिससे उन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद मिलेगी। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## एसकेएमयू में मानवाधिकार दिवस पर निबंध व भाषण प्रतियोगिता, छात्रों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**संवाददाता**

**दुमका ।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को दुमका स्थित सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के बीच निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय ÷मानवाधिकार– हमारे रोजमर्रा की आवश्यकताएं÷ रखा गया। यह विषय इस वर्ष के मानवाधिकार दिवस की अंतरराष्ट्रीय थीम से भी मेल खाता है, जिसका उद्देश्य मानवाधिकारों को दैनिक जीवन में प्रयोग और संरक्षण की दिशा में जागरूकता बढ़ाना है। निबंध प्रतियोगिता में भूगोल विभाग के सूरज कुमार रक्षित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी विभाग की अंजलि द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि अंग्रेजी विभाग के ही मो. रेहान रज़ा ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्रों ने अपने निबंध में मानवाधिकारों के महत्व, चुनौतियों एवं समाधान पर विस्तृत रूप से अपने विचार प्रस्तुत किए। भाषण प्रतियोगिता में भी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंग्रेजी विभाग की सोफिया फिरदौस ने प्रभावशाली वक्तव्य देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इतिहास विभाग के राहुल नंदी द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि भूगोल विभाग के सूरज कुमार रक्षित ने तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का पुनः परिचय दिया।

## सुखजोरा नाग मंदिर दान पेटी से चढ़ावे की चोरी




**जरमुंडी ।** जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध सुखजोरा नाग मंदिर में अज्ञात चोरों ने दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अजाम दिया। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने मंदिर के सामने रखे दान पेटी का ताला तोड़ दिया और चढ़ावे व दान की राशि के रुपए उड़ा लिए। मंदिर में और कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। मंदिर के पुजारी देवनंदन कुमार मांझी ने बताया कि घटना बेहद निंदनीय है। इस घटना को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति ने संबंधित थाना में शिकायत करने की बात कही।

## बासुकीनाथ धाम और मलूटी समेत प्रमुख पर्यटक स्थल निखरेंगे

### डीसी ने विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए सख्त निर्देश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** जिले के पर्यटन और धार्मिक स्थल जल्द ही एक नए और आकर्षक रूप में नजर आएंगे। जिला प्रशासन ने इन स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण का बीड़ा उठाया है, ताकि पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और जिले की पहचान राष्ट्रीय पटल पर मजबूत हो सके।

बुधवार को आयोजित खेल एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सभी संबंधित अधिकारियों को चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

इन प्रमुख परियोजनाओं पर है फोकस । बासुकीनाथ धाम पवित्र स्थल के तोरण द्वार का निर्माण और भव्य सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

मलूटी गांव ऐतिहासिक मंदिरों वाले इस गांव में विद्युत व्यवस्था को सुचारू और बेहतर बनाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

बस स्टैंड के समीप स्विमिंग पूल जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त कर इसे उपयोगी बनाया जाएगा।

तातलोई गर्म जल स्रोत यहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा।

## दुमका में चोरी का ग्राफ बढ़ा, मंदिर और अस्पताल बने चोरों के निशाने पर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** शहर के टीन बाजार चौक स्थित धर्मस्थान मंदिर में चोरों ने बीते मंगलवार की रात 1–10 बजे धावा बोलकर मां दुर्गा के चांदी के आभूषण और पीतल के बर्तन चुरा लिए। मंदिर प्रबंधन ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। सीसीटीवी फुटेज में चोर का चेहरा साफ देखा जा सकता है।

एसडीपीओ विजय कुमार महतो ने मंदिर का दौरा कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि दोषी की पहचान कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

इसी बीच, हंसडीहा के मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में चिकित्सीय उपकरणों की बड़ी चोरी भी सामने आई है। मामला विधानसभा तक पहुंचा और जांच के लिए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने टीम का गठन किया। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार के नेतृत्व में भी जांच प्रक्रिया शुरू हो गई है। दुमका जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने दोनों मामलों में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## एसपी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम



**दुमका ।** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर, स्थानीय एस पी कॉलेज, दुमका में राजनीति विज्ञान विभाग और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. पी. यादव ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मानवाधिकारों की सार्वभौमिक प्रासंगिकता और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों के समकालीन पहलुओं, जैसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार, महिला एवं बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा और डिजिटल प्राइवेसी पर सक्रिय रूप से अपने विचार साझा किए । विशेष रूप से, छात्रों द्वारा साइबर बुलिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न और मानव तस्करी जैसे संवेदनशील और गंभीर मुद्दों पर गहन चिंतन प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया । आइक्यूएसी समन्वयक डॉ. पूनम बिंझा ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मानवाधिकार शिक्षा को अनिवार्य रूप से पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया ।

## संत जोसेफ स्कूल में साइंस एग्ज़ीबिशन



**दुमका ।** संत जोसेफ स्कूल में फुल रिहर्सल के साथ साइंस एग्ज़ीबिशन के अंतिम चरण का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने अपनी छिपी प्रतिभा और क्रिएटिविटी का ऐसा प्रदर्शन किया कि देखने वाले दांतों तले उंगली दबा लेने पर मजबूर हो गए। प्रिंसिपल आलोक ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में हुनर और आत्मविश्वास को उभारने का बेहतरीन अवसर होते हैं। छठे वर्ग की उन्नति और एंजिला ने वर्णमाला व पर्यायवाची को थर्मोकोल पर खूबसूरती से उकेरा, जबकि श्रद्धा की टीम ने अंग्रेज़ी लेखकों की तस्वीरें और उनके विवरण अद्भुत अंदाज में पेश किए। साइंस प्रोजेक्ट में बच्चों ने सेंसर युक्त रेलवे इंजन, वेस्ट वाटर फ़िल्टरिंग मॉडल और अन्य क्रांतिकारी आविष्कार तैयार किए। इन प्रोजेक्ट्स ने दर्शकों को चकित कर दिया और साबित किया कि अगर सही मंच और प्रोत्साहन मिले तो छोटे बच्चे भी बड़े कमाल कर सकते हैं। संत जोसेफ स्कूल का यह आयोजन बच्चों की मेहनत, कल्पनाशीलता और प्रतिभा का शानदार उदाहरण रहा। भविष्य में ऐसे अवसर मिलने पर ये बच्चे देश-विदेश में अपनी छवि चमका सकते हैं और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण : 75 लाख की योजना में भारी अनियमितताएँ उजागर

**रानीश्वर (दुमका) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बुधवार को रानीश्वर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन एवं रख-रखाव योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवंटित 75 लाख रुपये के खर्च में गंभीर अनियमितताएँ सामने आईं। जांच में पता चला कि कुल व्यय 76,14,850 रुपये किया गया, जबकि केवल 36,64,414 रुपये के बिल,वाउचर प्रस्तुत थे। कई वस्तुएँ वितरित होने के बावजूद अभिलेखों में नहीं दिखाई दीं। बाबा ट्रेडर्स को ऑर्डर दिए जाने के बावजूद आपूर्ति अधूरी रही।एमटीसी के 82 बिस्तरों में केवल 28 बिस्तर ही उपलब्ध पाए गए और उनके लिए 14,60,000 रुपये का बिल दर्ज था। भौतिक सत्यापन में पाया गया कि प्रदर्शित सामग्री का वास्तविक में कोई अनुरूपता नहीं थी। कई खरीद विभागीय मार्गदर्शिका के विपरीत की गईं और बंडर पंजी का संधारण भी अनुपयुक्त था। अस्पताल अभिलेखों में विसंगतियाँ स्पष्ट थीं। निरीक्षण के दौरान 6 अति कुपोषित बच्चे पाए गए, जो स्वास्थ्य केंद्र की गंभीर समस्याओं की ओर इशारा करते हैं। प्रखंड सहायक भी निरीक्षण में मौजूद थे।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मित्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686